बुधवार
23 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक




निकाय चुनाव में बलिया जिले के 25 हजार युवा पहली बार डालेंगे वोट 4

**गांव के विकास पर सरकार का ध्यान: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा, अधिकारियों को दिए कई निर्देश**

# ग्रामीण पथों का निर्माण व मेंटेनेंस बेहतर ढंग से हो

- ग्रामीण पथों का बेहतर रखरखाव विभाग द्वारा ही कराएं, इसके लिए जितने अभियंताओं और कर्मियों की जरूरत हो उनकी बहाली करें
- सड़कों और पुल-पुलियों के मेंटेनेंस करनेवाले अभियंता अलग-अलग हों और उनका ठीक से प्रशिक्षण करायें।



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा की। इसमें उन्होंने कहा कि ग्रामीण पथों का बेहतर रखरखाव विभाग द्वारा ही कराएं, इसके लिए आवश्यकतानुसार जितने अभियंताओं और कर्मियों की जरूरत हो उनकी बहाली कराएं। विभाग द्वारा जो मेंटेनेंस पॉलिसी बनाई जाए, वो बेहतर और स्पष्ट हो। विभाग पथों के निर्माण और मेंटेनेंस के लिए दो अलग-अलग विंग बनाएं। दोनों विंग अपनी-अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे तो बेहतर सड़कों का निर्माण होगा और सड़कें मेंटेन भी रहेंगी। निर्माण कार्य में लगा विंग बेहतर कार्ययोजना के साथ काम करेगा तो कार्यों की गुणवत्ता और बेहतर होगी। निर्माण के साथ-साथ मेंटेनेंस को लेकर पथों का फिजिकल निरीक्षण करते रहें। सड़कों और पुल-पुलियों के मेंटेनेंस करनेवाले अभियंता अलग-अलग हों और उनका ठीक ढंग से प्रशिक्षण भी करायें।

**पुल-पुलियों का निर्माण के साथ-साथ उसका अच्छे से मेंटेनेंस भी जरूरी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों का उद्देश्य सिर्फ बेहतर सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण कराना ही नहीं है बल्कि उसका अच्छे से मेंटेनेंस भी उतना ही जरूरी है। सड़कों की मरम्मति के साथ-साथ साफ-सफाई भी जरूरी है। बेहतर सड़क होने से लोगों का आवागमन आसान होता है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा मेंटेनेंस करवाने से खर्च में भी बचत होगी और को नौकरी और रोजगार के अवसर मिलेंगे। बैठक में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल व अन्य उपस्थित थे।

## कोसी पुनर्वास परियोजना के बचे कार्यों को तेजी से पूरा करें: नीतीश कुमार

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना में आयोजित बैठक में कोसी पुनर्वास परियोजना की कार्य प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2007-08 में कोसी त्रासदी आयी थी, जिसमें हमलोगों ने अपने संसाधन से उस क्षेत्र में काफी रिलीफ के कार्य किए थे। उसी दौरान पूरे इलाके को विकसित करने की योजना बनायी गयी थी, उस पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी बचे हुए कार्य हैं उसे तेजी से पूर्ण करें। इसके लिए संसाधन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। बैठक में ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के परामर्शी अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ व अन्य उपस्थित थे।

# हमारे करोड़ों नौजवान इस राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत : पीएम मोदी

**रोजगार मेले में बांटें गए 71056 नियुक्ति पत्र**



**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इस दौराने प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले में सभी नए नियुक्तियों के लिए कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल-ऑनलाइन ओरिएंटेशन कोर्स लॉन्च किया। प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले में 71,056 नियुक्ति पत्र बांटे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि देश के युवाओं को रोजगार मेले के माध्यम से नियुक्ति पत्र देने का ये अभियान अनवरत जारी रहेगा। भारत जैसे युवा देश में हमारे करोड़ों नौजवान इस राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। अपने युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा, राष्ट्र निर्माण में ज्यादा से ज्यादा उपयोग में आए, इसे केंद्र सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। पीएम मोदी ने कहा कि आज का ये विशाल रोजगार मेला दिखाता है कि सरकार किस तरह सरकारी नौकरी देने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। भारत आज सर्विस निर्यात के मामले में विश्व की एक बड़ी शक्ति बन गया है। अब एक्सपर्ट भरोसा जता रहे हैं कि भारत विश्व का मैन्युफैक्चरिंग पावर हाउस भी बनेगा।

### इंडोनेशिया में भूकंप से हुई मौतों पर पीएम ने दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया में भूकंप से हुई मौतों पर मंगलवार को शोक जताया और कहा कि दुख की इस घड़ी में भारत वहां के लोगों के साथ खड़ा है। बता दें कि इंडोनेशिया के मुख्य आईलैंड जावा में सोमवार को आए भूकंप से अब तक कुल 268 लोगों की मौत हो चुकी है। 700 से ज्यादा लोग घायल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मरने वालों में कई स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। भूकंप में 2 हजार से ज्यादा घर तबाह हो गए। 13 हजार लोग बेघर हैं।

### देश की युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण में काम आए: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि देश की युवा शक्ति अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्र निर्माण में काम आए ये हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जानकार बता रहे हैं कि भारत के पास अपनी क्षमता दिखाने का स्वर्णिम मौका है और ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि भारत उत्पादन के क्षेत्र में भी अव्वल बनने जा रहा है। मोदी ने कहा सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र में नौकरियों की अपार संभावनाएं बन रही हैं और ये मौके युवाओं के अपने ही गांव और शहर में बन रहे हैं।

## मोतिहारी में नकली खाद-बीज की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़

**मोतिहारी।** मोतिहारी में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली खाद बीज दवा के मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। फैक्ट्री से पांच लोगो को गिरफ्यार किया है। वही संचालक की तलाश कर रही है। मामला मोतिहारी के चकिया थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के प्रोफेसर कॉलोनी का है। चकिया थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के प्रोफेसर कॉलोनी में एक नकली खाद फैक्ट्री का संचालन हो रहा है। सूचना मिलने के बाद चकिया इंस्पेक्टर धनंजय कुमार ने कृषि विभाग के अधिकारी को सूचना देते हुए उक्त स्थल पर छापेमारी की, इस दौरान वहां से भारी पैमाने पर नकली बीज खाद और कीटनाशक दवा बरामद किया गया है। बरामद सभी नकली समान को थाने लाने की कार्यवाई की जा रही हैं।

## विशाक्त खाना खाने से 100 से अधिक लोग पड़े बीमार

**मधेपुरा।** मधेपुरा के पथराहा गांव वार्ड संख्या चार में मंगलवार की रात फूड प्वाइजिनिंग से सौ से अधिक महिला, पुरुष और बच्चे बीमार पड़ गए। जानकारी के अनुसार सभी ने शादी समारोह में खाना खाया था। इसके बाद उनकी स्थिति बिगड़ने लगी। ऐसे में उन्हें मेडिकल कॉलेज और सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक पथराहा गांव के वार्ड संख्या चार में शैलेंद्र यादव नामक व्यक्ति के बेटी की शादी में प्रीति भोज का आयोजन किया गया था,जिसमें भोज खाने के बाद अचानक गांव के सभी महिला,पुरुष, बच्चे व बच्ची को उल्टी दस्त होने लगी।

# उत्तर प्रदेश में 10 लाख करोड़ के निवेश का है लक्ष्य : सीएम योगी

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से योगी सरकार विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहन देने की योजना पर काम कर रही है। इसी दिशा में 10 से 12 फरवरी को प्रदेश में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए मंगलवार को सीएमे योगी आदित्यनाथ दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने निवेशकों को विशेष सुविधा दिलाने वाले पोर्टल की शुरूआत की। इसके साथ ही ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का लोगो भी जारी किया गया। कार्यक्रम के दौरान 2 वेब पोर्टल की शुरूआत की गई। प्रदेश में निवेश पर मिलने वाले इंसेंटिव के लिए निवेशकों को अब विभागों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। किस निवेश पर कितना इंसेंटिव मिलेगा? इंसेंटिव दिए जाने की प्रक्रिया कहां तक पहुंची है? पैसा कितने दिनों में खाते में आ जाएगा? इन सारे सवालों के जवाब और जानकारियां ऑनलाइन मिल सकेंगी। सीएम योगी ने इसके साथ ही एमओयू की मॉनिटरिंग के लिए निवेश सारथी पोर्टल को भी लॉन्च किया। दिल्ली के सुषमा स्वराज प्रवासी भारतीय भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी देश का ग्रोथ इंजन बन गया है। प्रदेश में 10 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा गया है।

### आठ लाख आवास निर्माण के लिए यूपी को मिलेंगे 10 हजार करोड़ रुपये

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में यूपी को आठ लाख आवास निर्माण के लिए दस हजार करोड़ रुपये की मंजूर किए हैं। पीएम आवास योजना के तहत अब तक यूपी को 26 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं। गौरतलब है कि आवास प्लस योजना के तहत पंजीकृत परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए यूपी को करीब 13 लाख आवास की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम नरेंद्र मोदी व केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह को पत्र लिखकर 13 लाख आवास स्वीकृत करने का आग्रह किया था।

## सरकार नौकरी दे, अन्यथा नहीं चलने देंगे विस सत्र: बीजेपी

**पटना।** बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में सीएम नीतीश कुमार को चेतावनी दी है कि उनके पास अच्छा मौका है युवाओं को नौकरी देने का, जल्द नौकरी दें, नही तो 13 दिसंबर से चलने वाले विधानसभा सत्र को बीजेपी किसी कीमत पर चलने नहीं देगी। अब नीतीश कुमार को तय करना है कि नौजवानों को रोजगार देंगे या युवाओं को सिर्फ बेवकूफ बनाने का काम करेंगे।

## असम-मेघालय सीमा पर हुई हिंसा में छह लोगों की मौत

**एजेंसी/गुवाहाटी**

असम-मेघालय सीमा पर लकड़ी की तस्करी को रोके जाने के दौरान मंगलवार तड़के हिंसा भड़क गई। हिंसा में वन रक्षक समेत 6 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि असम-मेघालय सीमा पर पुलिस ने अवैध लकड़ी के ट्रक को रोका था, जिसके बाद हिंसा भड़क गई। एहतियात के तौर पर 7 जिलों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई हैं। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड सांग ने मंगलवार को ऐलान किया है कि इस हिंसा में मारे गए प्रत्येक व्यक्तियों के आश्रितों को 5 लाख रुपये, अनुग्रह राशि दी जाएगी।

**मेघालय के मुख्यमंत्री हिंसा में मारे गए प्रत्येक व्यक्तियों के आश्रितों को 5 लाख रुपये देने का किया एलान**

जानकारी के मुताबिक घटना मंगलवार सुबह करीब 3 बजे की है। जहां लकड़ी ले जा रहे ट्रक को वनकर्मियों ने रोकने की कोशिश की तो ट्रक चालक भागने लगा। इस पर वन विभाग के कर्मियों ने उस पर गोलियां चलाई और उसका टायर पंचर कर दिया। घटना में एक चालक समेत एक अन्य व्यक्ति को पकड़ लिया गया, जबकि एक अन्य साथी वहां से भाग निकला। एसपी ने बताया कि ट्रक रोककर गिरफ्तार किए गए लोगों के पक्ष में मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। इस दौरान लोग गिरफ्तार किए लोगों की रिहाई की मांग करने लगी। भीड़ ने वन विभाग के कर्मियों और पुलिस को घेर लिया। जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गोलियां चलानी पड़ी।

असम और मेघालय के बीच 884.9 किमी लंबी अंतर-राज्यीय सीमा के 12 इलाकों में लंबे समय से विवाद चल रहा है। दोनों राज्यों ने इनमें से छह इलाकों में विवाद को खत्म करते हुए समझौता किया है।

## राजद के जनता दरबार कार्यक्रम में हंगामा

**पटना।** बिहार में मंगलवार से आरजेडी कार्यालय में जनता दरबार शुरू हुआ है। पार्टी ने इसे सुनवाई नाम दिया है। सुनवाई तेजस्वी यादव के नारे पढ़ाई, कमाई, दवाई सुनवाई का एक हिस्सा है। जनता दरबार राज्य सरकार में दो मंत्री मसलन भूमि एवं राजस्व सुधार मंत्री आलोक मेहता और विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के मंत्री इसराइल मंसूरी पहुंचे थे.अब जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं पर कितनी सुनवाई हुई यह तो पता नहीं चल पाया लेकिन पहले ही यहां पहुंचे फरियादियों ने हंगामा कर दिया। यहां पहुंचे फरियादियों का कहना था कि यहां सिर्फ पैरवी वालों की सुनी जा रही है, वे घंटों लाइन में खड़े हैं, लेकिन पैरवी वालों का रजिस्ट्रेशन बिना लाइन लगे ही किया जा रहा। लोगों ने आरजेडी नेताओं पर मनमानी करने का आरोप लगाया और नाराज लोगों ने जनता दरबार में धांधली का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा मचाया।

# भारतीय सेना पीओके पर कार्रवाई करने को तैयार सरकार के आदेश का इंतजार : लेफ्टिनेंट जनरल

**एजेंसी/दिल्ली**

उत्तरी कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान नियंत्रित कश्मीर पर बड़ा बयान दिया है। कहा है कि सीजफायर का अगर उल्लंघन किया जाएगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। दोनों देशों की जिम्मेदारी है कि सीमा पर शांति बनी रहे, लेकिन पाकिस्तान अगर कोई कदम उठाएगा तो वह अंजाम भुगतने को भी तैयार रहे। उन्होंने कहा कि धारा 370 के हटने के बाद से जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव है। राज्य में आतंकवाद पर लगाम लगी है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत सरकार जब आदेश देगी, सेना पीओके यानी पाक अधिकृत कश्मीर पर कार्रवाई करने को तैयार है। उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को भी चेतावनी जारी की है। लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि आतंकवदी कभी अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि पीओके के विषय पर संसद में प्रस्ताव पास हो चुका है। इसमें कुछ भी नया नहीं है। यह संसद के प्रस्ताव का हिस्सा है। भारतीय सेना सरकार के हर आदेश के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### कार्रवाई से बौखलाए आतंकी निहत्थे को बना रहे निशाना

जम्मू-कश्मीर में हो रही टार्गेट किलिंग पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि, राज्य में आतंकवाद को रोकने के लिए काफी काम किया गया है। जिससे बौखलाए आतंकियों की तरफ से कभी पिस्टल कभी हथियार इस तरह भेजने के प्रयास किए जाते हैं और निहत्थे लोगों को टारगेट किया जाता है लेकिन आतंकी अपने मंसूबों में कभी कामयाब नहीं हो पाएंगे।

### 'पाकिस्तान आए दिन कर रहा ड्रग्स बेचने के प्रयास

पाकिस्तान लगातार ड्रग्स भेजने के प्रयास कर रहा है। हाल ही में ही हमने करोड़ों रुपए की ड्रग्स पकड़ी है। हम जो आतंकी बॉर्डर पर मार रहे हैं उनको भी यह लोग कहते हैं कि आप स्मगलर मार रहे हो। मतलब साफ है कि पाकिस्तान ड्रग्स बेचने के प्रयास आए दिन कर रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि 35 परसेंट युवा 20 साल की उम्र से कम आतंकी हैं।

डीजिटल संस्करण

संपर्क सूत्र
9122915443
9931711972
8936046900

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



वेब पोर्टल : keshavtimes.com

अपने गांव
अपने शहर
की हर खबर
पढ़ें और पढ़ायें

यूपी, बिहार व झारखंड की खबरों पर हमारी पैनी नजर
आपकी समस्याओं का होगा निदान
हमारे रिपोर्टर: गाजीपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी, लखनऊ, बक्सर ,रोहतास ,भोजपुर, जहानाबाद, अरवल, पटना में
शहर से लेकर गांव तक की हर गतिविधियों पर है हमारे रिपोर्टरों की नजर, क्योंकि हम हैं आपके लिए 24 घंटे तत्पर

keshavtimes keshavtimes keshavtimes

## एक नजर

### हमसे जिस प्रकार की जरूरत हो, हमें याद करें निश्चित रूप से उसे पूरा करेंगे : डॉ. सुरेंद्र



**जहानाबाद।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव ने मंगलवार को अंजुमन तरक्की-ए-उर्दू जहानाबाद के सदर प्रोफेसर जनाब अकील अहमद साहब के असामायिक निधन के उपरांत जहानाबाद के एरकी स्तिथ उनके आवास पर जा कर उनके परिजनों से मुलाकात की। जहां उन्होंने शोकसंतप्त परिजनों के समक्ष शोक संवेदना प्रकट किया। साथ ही, परिजनों के साथ इस दुःख की घड़ी में खड़े रहने का भरोसा दिलाया। साथ ही, राजद के वरिष्ठ नेता सुरेश प्रसाद यादव के पिता सरजू प्रसाद के निधन के उपरांत उनके डिहुरी स्तिथ घर पर जा कर भी उनके परिजनों से मुलाकात की। मातमपुर्सी के दौरान उनके परिवारजनों को कहा की हमसे जिस प्रकार का जरूरत हो हमें याद करें हम निश्चित रूप से उसे पूरा करने का काम करेंगे। दोनों मातामपुर्सी के दौरान राजद के कार्यकर्त्ता तौसीफ एजाज उर्फ पप्पू मल्लिक, छोटन मुखिया, अशोक यादव, सतीश यादव, संजय यादव, छात्र नेता शैलेश यादव, पिंटू उर्फ छोटू यादव, साधु यादव, अनिल पासवान, मनोज यादव, सतेंद्र यादव, मिथलेश कुमार, सुनील यादव, विक्की यादव, विकास राणा, संजीत कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### एसिड अटैक पीड़िता को मुआवजे के तहत दी गई तीन लाख रुपए की अनुग्रह राशि



**सासाराम।** जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र में एसिड अटैक की शिकार हुई युवति का राज्य सरकार द्वारा तीन लाख रुपए की अनुग्रह राशि मिली है। राशि का भुगतान पीड़ित युवति के खाते में इ-बिलिंग द्वारा किया गया है। ज्ञात हो कि गत अप्रैल 2022 में युवति पर एसिड अटैक हुआ था। घायल युवति को देखने विधि आयोग की टीम भी पहुंची थी। टीम की द्वारा अनशंसा के बाद जिला प्रशासन द्वारा युवति को अनुग्रह राशि की अनुशंसा की गई थी। राशि का भुगतान इ-बिलिंग द्वारा कर दिया गया है। ज्ञात हो कि 18 अप्रैल 2022 को धनगाई निवासी शिल्पी कुमारी अपने भाई आकाश के साथ बाइक पर कराकाट कार्यक्रम करने जा रही थी। रात करीब 9 बजे बाइक जैसे ही बिक्रमगंज के अनजबित सिंह कॉलेज के पास पहुंची, बाइक सवार बदमाशों ने शिल्पी पर तेजाब फेंक दिया। इससे उसका चेहरा और शरीर के कई हिस्से जल गए। जबकि बाइक चला रहे उसके भाई का हाथ व कमर भी जल गया था। स्थानीय इलाज में अस्पताल के बाद पीड़ित युवति को इलाज के लिए बाहर भेजा गया था।

### 15 थानों में खुला महिला हेल्प डेस्क, जहां महिला दारोगा और दो सिपाहियों की तैनाती




**भभुआ।** जिले में बिहार सरकार की पहल पर घरेलू हिंसा को रोकने के लिए जिले के 15 थानों में महिला हेल्प डेस्क खोल दिया गया है। प्रत्येक महिला हेल्प डेस्क पर एक महिला दारोगा और दो सिपाहियों की तैनाती की गई है। जिन थानों में महिला हेल्प डेस्क खोला गया है उसमें सदर थाना, भभुआ, चैनपुर, मोहनिया, कुदरा, दुर्गावती, रामगढ़, एससी-एसटी थाना भभुआ, कुछिला, अधौरा, लोहरा, चांद, कर्मचट और भगवानपुर थाना शामिल है। जिले में महिला थाना भभुआ में पूर्व से ही कार्यरत है, लेकिन इसके बाद प्रत्येक थानों में महिला हेल्पडेस्क खोलने से पीड़ित महिलाओं को अपनी समस्याओं को बताने में सुविधा होगी और उन्हें न्याय भी मिलेगा। महिला हेल्प डेस्क में महिला दारोगा होने से इन्हें अपनी परेशानियों को बताने में किसी भी प्रकार की झिझक नहीं होगी। महिला दरोगा उनकी बातों को सुनेंगी भी और उसका निपटारा भी करेंगी। एसपी राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर कैमूर जिले में कुल 15 थानों में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। इसका उद्देश्य महिलाओं को न्याय दिलाना है। इससे थाने और जिला पुलिस के प्रति महिलाओं और बच्चों का विश्वास बढ़ेगा। वहीं पीड़ित महिलाओं द्वारा अपनी शिकायत को बेहद ही सहजता पूर्वक बिना किसी झिझक या संकोच के दर्ज कराया जाएगा।

### जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट और गोलीबारी मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कैमूर।** जिले के चांद थाना क्षेत्र के हसरेव गांव में सोमवार को 61 एकड़ जमीन के लिए दो पक्षों में जमकर लाठी डंडा और गोलीबारी हुई थी। जिसमें एक व्यक्ति को गोली लगी। वहीं मामले में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। गोली लगाने से जख्मी व्यक्ति बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान का साला बताया जा रहा है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर तीन बंदूक जिसमें 2 लाइसेंसी और एक अवैध, 14 राउंड गोली, एक बोलेरो और एक बाइक को जप्त कर लिया था, और 7 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पुलिस कार्रवाई करते हुए चैनपुर थाना क्षेत्र के नौघड़ा निवासी बन्ने खान को पुलिस ने घायल अवस्था में गिरफ्तार कर सदर अस्पताल में इलाज करा रही है। एसपी राकेश कुमार ने बताया कि सोमवार को 10 बजे सुबह हसरेव गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाइयों में मारपीट हो गई थी। जिसमें कुल 4 लोग घायल हुए थे, एक व्यक्ति को गोली लगी थी। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अवैध और दो लाइसेंस बंदूक जब्त किया था। 14 राउंड गोली बरामद हुई थी, बोलेरो, एक बाइक जप्त किया और 7 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए चैनपुर के नौघडा निवासी बन्ने खान को गिरफ्तार कर लिया। उसको घायल अवस्था में सदर अस्पताल भभुआ में इलाज कराया जा रहा है।

### शिक्षक से 1.70 लाख की छिनतई, रुपयों से भरा बैग ले भागे बाइक सवार अपराधी

**सासाराम।** जिले के आरा-सलेमपुर मुख्य मार्ग के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में फोर लेन के समीप सोमवार की रात ट्रक के सामने अनियंत्रित होकर बाइक सवार नवनिर्मित पुल के नीचे गिर गए। इस दौरान बाइक सवार दोनों दोस्त बुरी तरह जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के आरा सदर अस्पताल लाया गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। घायलों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासी लक्ष्मण महतो के 37 वर्षीय पुत्र छोटे महतो और रतनपुर गांव निवासी धनजी पासवान के रूप में हुई है । दोनों एक दूसरे के दोस्त है, साथ ही दोनों एक साथ राजमिस्त्री का काम करते हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है की आज सुबह दोनों घर से नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा स्थिति छत ढलाई का काम करने आए थे, काम में लेट होने के बाद जब गांव वापस बाइक से लौट रहे थे, तभी रतनपुर गांव स्थित आराझबक्सर फोरलेन के समीप सामने से आ रही बेलगाम ट्रक ने बाइक को अनियंत्रत कर दिया, जिससे दोनों नवनिर्मित पुल के नीचे आ गिरे।

# भोजपुर में पुलिस की कार्रवाई व धरपकड़ के बीच चलता रहा हत्याओं का दौर

- जुलाई से अब तक हत्या की 23 वारदात, सभी का पुलिस ने किया खुलासा
- घरेलू, जमीन व राजनीतिक विवाद से आपराधिक षड़यंत्र तक में हुई हत्या
- एसपी की ओर से हत्या और कार्रवाई का जारी किया गया आंकड़ा



**केटी न्यूज/आरा**

जिले में पुलिसया कार्रवाई और अपराधियों की धरपकड़ और के बीच हत्याओं का दौर चलता रहा। एक ओर पुलिस वांछितों की गिरफ्तारी करती रही, तो अपराधी लोगों का कत्ल करते रहे। घरेलू विवाद से जमीन, अवैध संबंध, प्रेम प्रसंग, आपराधिक षड़यंत्र, वर्चस्व व राजनैतिक विवाद तक में लोगों को हत्या की जाती रही है। एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से हत्या और कार्रवाई को लेकर जारी आंकड़ों से यह तथ्य सामने आया है। आंकड़ों के अनुसार जुलाई से अबतक हत्या की 23 वारदात हुई है। इसमें पुलिस की ओर से सभी मामलों का खुलासा करते हुए कार्रवाई की गयी है। इन हत्याओं में शामिल अधिकतर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार चल रहे आरोपितों के खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई भी जा चुकी है।

एसपी द्वारा प्रेस बयान के मुताबिक नवादा थाना क्षेत्र में 19 जुलाई को प्रेम प्रसंग में पति की हत्या की गयी थी। उस मामले में तीन नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ केस हुआ था। उसमें छह अप्राथमिकी आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल दिया गया है। जबकि तीनों नामजद के खिलाफ केस असत्य पाया गया। इसी तरह नारायणपुर थाना क्षेत्र में वोन फिक्स सुंघा किशोर की हत्या करने में सभी पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल दिया गया है। सहार थाने में संपत्ति विवाद में बुजुर्ग दंपती की हत्या का खुलासा करते अबतक तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल दिया गया है। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

**आरा में सीरियल हत्याओं का भी खुलासा, अधिकतर कांडों में कार्रवाई:** नगर थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में लगातार हुई हत्याओं का भी पुलिस द्वारा खुलासा कर दिया गया है। सभी कांडों में पुलिस द्वारा आरोपितों की गिरफ्तारी और कुकी-जब्ती की कार्रवाई भी की जा चुकी है। सबसे चर्चित और हंगामे वाली आकाश हत्याकांड में भी पुलिस की ओर से सभी नामजद आरोपितों की कुर्की की कार्रवाई की जा चुकी है। वहीं मूर्ति विसर्जन के दौरान उपजे विवाद को ले छोटकी सिंगही गांव में हत्या मामले में भी पुलिस द्वारा अबतक छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। किराये के विवाद में आभूषण कारोबारी का अपहरण व हत्या मामले में भी पुलिस द्वारा अबतक तीन आरोपितों की गिरफ्तारी और दो के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जा चुकी है। पूर्व पार्षद पुत्र की हत्या का भी खुलासा करते हुए पुलिस द्वारा पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल दिया गया है।

**पिछले साल की तुलना में अगस्त के बाद बढ़ा हत्याओं का ग्राफः** भोजपुर में अक्सर हत्याओं का दौर चलता रहता है। हर साल करीब सौ लोगों को मौत के घाट उतार दिया जाता है। पिछले साल भी सौ लोगों का कत्ल किया गया था। इस साल भी अबतक 95 लोगों की हत्या की जा चुकी है। हालांकि पिछले साल की तुलना में इस साल अगस्त के बाद हत्याओं का ग्राफ ज्यादा बढ़ा है। पिछले साल अगस्त में 11 तो इस वर्ष 14 हत्यायें की गयी है। इसी त पिछले साल सितंबर में सात तो इस वर्ष सितंबर में आठ लोगों को मार डाला गया। पिछले साल की तुलना में इस साल अक्टूबर में एक, तो नवंबर में अबतक हत्या की तीन वारदात अधिक हो चुकी है। गौरतलब यह है कि पिछले साल की तुलना में इस साल जुलाई तक हत्या की कम वारदात हुई थी।

### शराब तस्कर को 10 साल कैद और एक लाख का जुर्माना

**आरा।** शराब तस्करी के एक मामले में कोर्ट ने मंगलवार को कड़ा फैसला सुनाया। जिसमें 112 लीटर देसी शराब मोटरसाइकिल से बरामदगी के एक मामले में प्रथम उत्पाद अनन्य विशेष न्यायाधीश ऋषि कुमार सिंह ने बड़हरा थाना क्षेत्र के अलेखी टोला निवासी लालबहादुर राय को दस वर्ष की सश्रम कैद व एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन की ओर से उत्पाद अनन्य विशेष लोक अभियोजक राजेश कुमार ने बहस की थी। बताया जाता है कि 21 मई, 2021 को बड़हरा थाने के तत्कालीन सब इंस्पेक्टर सुरेश रविदास ने गुप्त सूचना पर सशस्त्र बल के साथ नेकनाम टोला बांध के किनारे बाइक पर लदी 112 लीटर देसी शराब जब्त की थी। साथ ही पुलिस ने उस पर सवार दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। ट्रायल के दौरान एक आरोपित घूरखेली राय कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। उसका ट्रायल अलग हो गया था। अभियोजन की ओर से पांच गवाहों की गवाही कोर्ट में हुई थी। सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद प्रथम अनन्य उत्पाद विशेष न्यायाधीश श्री सिंह ने मद्य निषेध व उत्पाद एक्ट की धारा 30 (ए) के तहत दोषी पाते हुए आरोपित लाल बहादुर राय को उक्त सजा सुनाई।

## कोईलवर से बीज खरीद कर घर लौटने के दौरान बेलगाम ट्रैक्टर ने रौंदा

# सड़क हादसे में सारण के युवक की मौत पिता जख्मी, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

- हादसे के बाद मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जाम किया सड़क

**केटी न्यूज/आरा**



घटना के बाद जुटे ग्रामीण



अस्पताल में रोते बिलखते परिजन व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के दौलतपुर बोरिंग के समीप आरा-छपरा फोरलेन पर मंगलवार की सुबह ट्रैक्टर ने बाइक सवार बाप-बेटे को रौंद दिया। इसमें बेटे की मौके पर मौत हो गयी, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज कोईलवर पीएचसी में कराया जा रहा है। हादसे को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। वहीं घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ फरार हो गया। मृत युवक सारण के डोरीगंज थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव निवासी हरिकिशुन मांझी का 25 वर्षीय पुत्र डब्लू मांझी था। वह पढ़ाई के साथ-साथ दिल्ली में रहकर प्राइवेट जॉब भी करता था। उधर, हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा।

मुआवजे की मांग को लेकर परिजन और स्थानीय ग्रामीण सड़क पर उतर गये। उस दौरान शव रख सड़क जाम कर दिया। उससे आरा-छपरा फोरलेन पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब चार घंटे तक आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंची और लोगों को समझाकर जाम को हटवाया। उसके बाद शव पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है।

**गिरने के बाद युवक को रौंदते निकल गया बेलगाम ट्रैक्टरः** डब्ल्यू मांझी के चचेरे भाई सतीश कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह वह बाइक से अपने पिता के साथ गेहूं का बीज लेने कोईलवर गया था। उसके बाद दोनों पिता-पुत्र बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। उसी बीच पर दौलतपुर बोरिंग के समीप पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में ठोकर मार दी। इससे बाइक और उसके पिता बायीं साइड, जबकि डब्लू दाहिने साइड गिर गया। उसके बाद ट्रैक्टर डब्ल्यू को रौंदते निकल गया। उससे डब्ल्यू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**चार भाइयों में सबसे छोटा था डब्ल्यू, घर में कोहरामः** बताया जा रहा है कि डब्लू मांझी चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके परिवार में मां चंद्रकालो देवी,भाई सत्येंद्र मांझी, गुड्डू मांझी, टीपू मांझी, बहन रेणु कुमारी और सुनैना कुमारी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां चंद्रकालो देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### मोटर दुर्घटना में मृतक के परिजनों को जिला जज ने दिया चेक

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



चेक देते जिला जज व अन्य

जिला जज डॉ. राकेश कुमार सिंह ने मोटर दुर्घटना में मृतक के पिता संजय कुमार को तीन लाख की राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर जिला जज डॉ. राकेश कुमार सिंह एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव विधिक सेवा प्राधिकार अजय कुमार ने संयुक्त रूप से चेक दिया।

इस संबंध में अधिवक्ता राजनंदन यादव ने बताया कि भूसैनीचक गांव के निवासी संजय कुमार का बेटा सोनू कुमार भगवानगंज खटौना रोड स्थित स्कूल से वापस अपने घर की ओर लौट रहा था। उसी क्रम में तेज रफ्तार से आती हुई ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। जिससे सोनू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई थी। जिसको लेकर मोटर दुर्घटना वाद दाखिल किया गया था। जिस गाड़ी से सोनू कुमार की दुर्घटना में मृत्यु हुई थी वह गाड़ी टाटा एआईजी इंश्योरेंस कंपनी से विमित थी। न्यायालय से होकर राष्ट्रीय लोक अदालत में गए इस मुकदमें में दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से तीन लाख रुपये की भुगतान राशि पर समझौता हुआ और उसी समझौता राशि को टाटा एआईजी इंश्योरेंस कंपनी द्वारा मृतक के पिता संजय कुमार को चेक के माध्यम से दिया। जिला जज ने मृतक के पिता को सलाह दी कि इस राशि को सही ढंग से उपयोग में लाएं और कुछ रकम भविष्य के लिए सुरक्षित रखें।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग में लाखों की संपत्ति जलकर राख

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर बाजार में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शॉर्ट सर्किट के कारण तीन दुकानों में आग लग गई। बताया जाता है कि आग लगने से 3 लाख रुपए की संपत्ति जलकर हो गई। वहीं घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लोगों ने बताया कि अचानक एक दुकान में आग लग गई और देखते ही देखते तीन दुकानों तक आग फैल गई। दुकानदारों ने बताया कि वो कुछ समझ पाते उसके पहले ही दुकान के सारे सामान जलकर राख हो गए। वहीं अगर फायर ब्रिगेड की टीम सही समय पर घटनास्थल पर नहीं पहुंचती, तो घटना और भी भीषण हो सकती थी, क्योंकि जिस तरह से अचानक मार्केट में आग लगी उसमें कई और दुकानें भी जलकर राख हो जाती।

## जिला प्रभारी मंत्री ने 20 सूत्री की बैठक से एक दिन पूर्व ली विकास कार्यों की जानकारी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



बैठक में शामिल विभिन्न पार्टियों के नेतागण

जिले के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन (मंत्री अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण) मंगलवार को परिसदन में विभिन्न पार्टी के नेताओं से मिले। जहां उन्होंने सभी से जिले में चल रहे हैं विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली।

इस अवसर पर राजद के जिलाध्यक्ष महेश कुमार ठाकुर, हम पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष शर्मा, राजद नेता परमहंस राय हम पार्टी के हंपी शर्मा, माले नेता श्रीनिवास शर्मा, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष रणधीर पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इसी क्रम में जहानाबाद के स्थानीय विधायक सुदय यादव ने भी प्रभारी मंत्री को कई समस्याओं को बारे में अवगत कराया। साथ ही, इस क्रम में बुधवार को होने वाली जिला 20 सूत्री कार्य समिति की बैठक की जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री को करनी है। जिसको लेकर एक दिन पूर्व विभिन्न पार्टी के नेताओं से मिलकर जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि हमारे विभाग अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण के द्वारा राज्य में 97 आवासीय विद्यालय चलाए जा रहे हैं। जिसे शीघ्र ही बढ़ाकर 116 किया जाएगा। स्थानीय सवाल पर उन्होंने कहा कि 20 सूत्री की बैठक के बाद जानकारी दी जाएगी।

# एसएसएफसी लौहर ने किंगफिशर जूनियर से तीन-शून्य से जीता मैच

- राधा शरण सिंह कप जिला फुटबॉल लीग चैंपियनशिप के नौवें दिन दो मैच आयोजित
- बुधवार को पहला मैच यूएफसी, आरा और किंगफिशर स्मार्ट ब्रदर फुटबॉल क्लब, आरा के बीच खेला जाएगा

**केटी न्यूज/आरा**



जिला फुटबॉल संघ, भोजपुर के तत्वावधान में रमना मैदान स्थित वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में राधा शरण सिंह कप जिला फुटबॉल लीग चैंपियनशिप 2022-23 चल रहा है। चैंपियनशिप के 9वें दिन विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीत लिया। नौवें दिन का पहला मैच एसएसएफसी, लौहर बनाम जूनियर किंगफिशर, आरा के बीच हुआ। इस मैच के खेल के 25 मिनट में पहला गोल लौहर टीम के विशाल सिंह ने पहला गोल किया। खेल के 55 मिनट में दूसरा गोल धीरज कुमार ने किया। वहीं, खेल के 57 मिनट में सेम साइड गोल किया गया। जिसके बाद पहले मैच में लौहर 3-0 से विजयी हुआ। इस मैच के निर्णायक राजकुमार, सुनील कुमार, मिरतूनजय सिंह और धर्मेश उपाध्याय थे। इस मैच के पर्वेक्षक लाल बहादुर लाल एवं अशोक मानव थे। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व स्टेट फुटबॉल खिलाड़ी अमरनाथ सिंह थे।

वहीं, नौवें दिन के दूसरा का मैच आरएफसी पड़रीया, आरा बनाम दक्षिण एकौना फुटबॉल क्लब के बीच हुआ। इस मैच में खेल के 57 मिनट में दक्षिण इकौना टीम के खिलाड़ी रोहित कुमार ने अपने टीम के लिए गोल किया और दक्षिणा इकौना टीम एक गोल से इस मैच में आगे हो गई। मैच में तुरंत बाद खेल के 64 मिनट में पड़रीया के नवनीत कुमार ने पड़रिया टीम के लिए गोल किया और अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इस मैच के निर्णायक डॉ. रंजन सिंह राजकुमार मृत्युंजय सिंह और धर्मेश उपाध्याय थे। इस मैच के मुख्य अतिथि अहसन जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर एवं समाजसेवी अविनाश कुमार उर्फ लड्डू यादव थे। संघ के सचिव रविंद्र कुमार ने बताया कि कल का पहला मैच यूएफसी, आरा बनाम किंगफिशर स्मार्ट ब्रदर फुटबॉल क्लब, आरा के बीच खेला जाएगा। वहीं, कल का दूसरा मैच मून स्पोटिंग फुटबॉल क्लब ,कुंडेश्वर बनाम सिंह फुटबॉल क्लब, उदवंतनगर के बीच होगा। इस अवसर पर लीग के पर्यवेक्षक लाल बहादुर लाल एवं अशोक मानव उपस्थित थे। अन्य उपस्थित लोगों में सुनील कुमार सिंह, धर्मेश उपाध्याय, सुधीर सिंह, जीतू चंद्रवंशी, बुटन यादव, लाल शरण सिंह, सुधीर सिंह, जीतू चंद्रवंशी, बिजय सिंह, मंगलम कुमार, रितेश सिंह, मो. जमाल अख्तर, रमेश कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद, शशि भूषण सिंह, वीर बहादुर सिंह यादव, अजय कुमार, बाल्मीकि शर्मा, नितिन कुमार, रवि कुमार, हरि ओम, धीरज कुमार, अशोक शर्मा, मोहम्मद शमशाद, मेडिकल टीम से पंकज कुमार उपस्थित थे।

## फटाफट खबरें

### रुटीन जांच में पकड़ा गया मोबाइल चोर

**बक्सर।** रूटीन जांच के दौरान आरपीएफ ने स्थानीय रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर संदिग्ध हालत में घूम रहे एक युवक को पकड़ कर पूछताछ किया गया। पूछताछ संतोषजनक जवाब नहीं देने तथा सवालों से भाग रहे युवक की स्थिति देख स्पष्ट हो गया कि कुछ गड़बड़ है। उसके पास से पुलिस ने एक एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद किया। पुलिस के पूछने पर बताया कि मोबाइल फोन आरा से बक्सर आने के दौरान रेल यात्री से चोरी किया है। इस बयान पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जीआरपी के हवाले कर दिया गया। इस आशय की में जानकारी देते हुए आरपीएफ पोस्ट प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि बीती रात सहायक उप निरीक्षक सुबोध कुमार एवं प्रधान आरक्षी विजय कुमार राय प्लेटफार्म पर रूटीन जांच अभियान चला रहे थे। इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या दो पर एक युवक पकड़ा गया। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। अपना नाम जीतन कुमार रब्बानी तथा पता जिले के चौगाई गांव बताया। खुद में यह बताया कि यह मोबाइल उसने ट्रेन में किसी यात्री का चुरा लिया था। उसे जीआरपी के हवाले किया गया। जीआरपी ने उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

### तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नावानगर।** वासुदेवा ओपी पुलिस ने थाना क्षेत्र के आथर बिंद टोली से फरार शराब तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार फरार शराब तस्कर गांव के अंटू बिंद है। वासुदेवा ओपी थानाध्यक्ष विष्णुदेव कुमार ने बताया कि तीन माह पूर्व तस्कर के घर से 20 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ था। उसी समय से तस्कर फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि सोमवार की शाम गुप्त सूचना मिली कि फरार तस्कर घर आया हुआ है। सूचना पर ओपी थानाध्यक्ष ने जवानों के साथ तस्कर के घर छापेमारी कर धर दबोचा। साथ ही कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया।

### उच्च विद्यालयों में मैट्रिक की सेंटअप परीक्षा संपन्न

**केसठ।** बिहार बोर्ड के निर्देश के आलोक में केसठ प्रखंड के विभिन्न उच्च विद्यालयों में मैट्रिक 2022-23 सत्र का सेंटअप परीक्षा मंगलवार को संपन्न हुई। उक्त परीक्षा 15 नवंबर से शुरू किया गया था। जिसका समापन मंगलवार को अतिरिक्त विषय के साथ हुआ। परीक्षा प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 1.15 बजे तक चल रहा था। इसके तहत प्रथम दिन मंगलवार को हिंदी, दूसरे दिन बुधवार को गणित, तीसरे दिन गुरुवार को विज्ञान, चौथे दिन शुक्रवार को संस्कृत, पांचवे दिन शनिवार को सोशल साइंस एवं छठे दिन सोमवार को अंग्रेजी विषय का परीक्षा हुआ था। वहीं, अंतिम दिन अतिरिक्त विषय के साथ परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया। वहीं विद्यालय के शिक्षकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस परीक्षा में शामिल उत्तीर्ण छात्र छात्राएं को ही बिहार बोर्ड द्वारा प्रवेश पत्र जारी किया।

# भूमि विवाद : अपनों के खून से लाल हो रही है जमीन, बिखर रही रिश्तों की डोर

- **प्रशासनिक तत्परता के बाद भी विवाद से जुड़े मामलों का नहीं हो रहा खात्मा**
- **विधि-व्यवस्था को हर दिन चुनौती दे रहा जमीन विवाद का मामला**




**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल के इलाके में भूमि विवाद के मामलों में आपसी विवादों का दौर तेजी से पनप रहा है। आये दिन जमीन के टुकड़ों को लेकर खूनी संघर्ष व जमकर लाठियां चटक रही है, जिससे अपनो के खून से जमीन लाल हो रही है। स्नेह और आशीर्वाद की तरफ उठने वाले हाथ मौत के तरफ धकेल दे तो समाज व रिश्तों की सामूहिक संवेदना आहत होती है। डुमरांव इलाके के कई थानों के आंकड़ों पर रौशनी डाले तो जमीन की थोडे.से टुकड़ो के खातिर आये दिन खूनी संघर्ष और कई हत्याओं में अपने खास रिश्ते समाहित है। जो ऐसी वारदात के बाद तार-तार हो जाते है। ऐसी वारदातें पुलिस के लिए चुनौती बन जाती है और लॉ एंड ऑर्डर की समस्या उत्पन्न हो जाती है। पुलिस के आपराधिक फाइलों में दर्ज आंकड़ों पर गौर करें तो 60 फीसदी मामले भूमि विवाद से संबंधित मारपीट, आपसी संघर्ष से संबंधित है। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी करती है, तो परिवार में बिखराव की स्थिति बन जाती है। सूबे की सरकार ने भूमि विवादों को सुलझाने के लिए कई तरीके इजाद किया है। सरकार के निदेर्शों के बाद जिले के आला अफसरों ने तत्परता दिखाई। फिर भी डुमरांव के शहरी और ग्रामीण इलाके में भूमि विवाद का खात्मा नहीं हो सका। ऐसे मामले अनुमंडल के विभिन्न थानों की हकीकत बयां करने के लिए काफी है। कई थाना क्षेत्रों में ऐसे मामले संगीन अपराध जैसी घटनाओं का भी गवाह बना है, जो कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बनते जा रहा है। भूमि विवाद के मामले में पुलिस-प्रशासन सुस्त पड़ जाता है। वहीं आरोपित की गिरफ्तारी तब होती है जब पीड़ित द्वारा दी गयी एफआईआर में उसका नाम आता है। ऐसे मामलों के निपटारे जल्द नहीं होने से लॉ एंड ऑर्डर की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

**सरकार की नीतियां भी हुई बेदम :** भूमि विवाद का मामला सरकार के लिए भी सिरदर्द बन गया है। हालांकि सरकार ने ऐसे विवादों को निपटाने के लिए कई नीतियां बनायी लेकिन उसके धरातल पर उतरने के बाद भी बेदम बन गया है। सरकार ने 100 रुपये में भूमि का रजिस्ट्री कराने का प्रावधान बनाया है, लेकिन आपसी विवाद में बंटवारा नहीं होने से यह योजना बेकार साबित हुई। इसके अलावे हर शनिवार को थाने में कैंप लगाने और जिलाधिकारी व एसपी द्वारा समीक्षा करने की योजना शामिल है। इस कैंप में मुख्य भूमिका अंचलाधिकारी की होती है, जो जमीन की मापी कराकर आपसी समझौते के तहत मामले को निपटाने पर बल देते है। इस कैंप के प्रचार-प्रसार नहीं होने और कई मामलों की कार्रवाई धीमी गति से चलने के बाद पीड़ित पहुंचने से भी कतराते है।

**आलाधिकारी ऐसे मामलों पर रखते है नजर :** भूमि संबंधित मामलों के निपटारे को लेकर जिले और अनुमंडल के आलाधिकारियों की नजर रहती है। सरकार के निदेर्शों के बाद जिलाधिकारी व एसपी थाने में लगाये जाने वाले कैंपों की समीक्षा करते है और निर्धारित समयसीमा के भीतर निपटाने का निर्देश देते है। अगर स्थानीय स्तर पर मामलों का निष्पादन नहीं हो सका, तो एसडीओ और डीएसपी स्तर के अधिकारी महीने के दूसरे सप्ताह में ऐसे मामलों पर अपने स्तर से समीक्षा कर आपसी सहमति या सुसंगत नियमों के अनुसार निपटाने का प्रयास करते है। अगर यहां से भी यह मामला नहीं सुलझा, तो डीएम और एसपी स्तर पर भी ऐसे भूमि विवाद मामलों को सुलझाने का अथक प्रयास किया जाता है।

## रेल अधिकारियों, संवेदक व चालकों के बीच की बैठक रही बेनतीजा

# काम पर लौटे टेम्पो चालक, लेकिन अब रेलवे के स्टैंड में नहीं खड़ा करेंगे वाहन

- टेम्पो चालकों की हड़ताल से लगातार दूसरे दिन परेशान होते रहे यात्री
- संवदेक प्रतिदिन 40 रु से कम लेने को तैयार नहीं टेम्पो चालक 30 रुपए तक देने को अड़े



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में रेलवे के टेम्पो स्टैंड संचालक व टेम्पो चालकों के बीच तीसरे दिन भी गतिरोध जारी रहा। स्टैंड संचालक की मनमानी के खिलाफ सभी टेम्पो चालक मंगलवार को भी दोपहर तक हड़ताल पर रहे। इस दौरान सोमवार की तरह ही विष्णु मंदिर के पास सड़क किनारे अपने वाहन खड़ा कर टेम्पो चालक हड़ताल पर डटे हुए थे। जिस कारण आम यात्रियों और रेल यात्रियों को फजीहत झेलनी पड़ी। हालांकि यात्री बसों के चलने से कुछ राहत जरूर मिल रही थी। टेम्पो चालकों की हड़ताल का सीधा फायदा बस संचालकों को मिल रहा था। वे भी इस मौके को भुनाने के लिए यात्रियों को भेड़ बकरियों की तरह लाद कर ढो रहे थे। दोपहर तक डुमरांव स्टेशन से गुजरने वाली सभी यात्री बसों में नीचे से उपर तक यात्री खचाखच भरे थे। उन्हें भेड़ बकरियों की तरह यात्रा करने पर मजबूर होना पड़ा। इधर जो टेम्पो चालक इस हड़ताल में शामिल नहीं हो रहे थे, उन्हें जबरन शामिल कराया जा रहा था। टेम्पो चालक अपनी चट्टानी एकता के दम पर स्टैंड संचालक व रेल प्रशासन को झुकाने पर बाध्य कर रहे थे। लेकिन दिन बीतने के बाद भी इसका नतीजा नहीं निकल सका।

### हनुमान मंदिर के पास सड़क किनारे लगाएंगे टेम्पो

टेम्पो चालक संघ के उपाध्यक्ष बिनोद कुमार पांडेय ने बताया कि भले ही समझौता नहीं हो सका है लेकिन टेम्पो चालक काम पर लौट आए है। उन्होंने कहा कि टेम्पो चालक अपना टेम्पो रेलवे के स्टैंड में नहीं खड़ा करेंगे। बल्कि, हनुमान मंदिर से दक्षिण व पश्चिम सड़क किनारे टेम्पो लगाएंगे। जबकि वे हनुमान मंदिर से पूरब यात्रियों को लेकर जा सकते है। हालांकि टेम्पो चालकों के इस निर्णय से पंच मंदिर के पास जाम की समस्या और गंभीर हो जाएगी।

**बेनतीजा रही टेम्पो चालकों व स्टैंड संचालक के बीच हुई बैठक:** टेम्पो चालकों की हड़ताल को देखते हुए रेल प्रशासन व स्थानीय प्रशासन हरकत में आया। दोपहर बाद स्टैड संचालक व टेम्पो चालकों के साथ रेल व स्थानीय प्रशासन ने बैठक भी की। लेकिन दोनों पक्षों में सहमति नहीं बन सकी। संवदेक प्रतिदिन 40 रुपए से कम लेने को तैयार नहीं हो रहा था जबकि टेम्पो चालक पूर्व के किराया 25 रुपए से बढ़ाकर 30 रुपए तक देने को तैयार थे। रेलवे के अधिकारियों, आरपीएफ व स्थानीय प्रशासन के प्रयास के बाद भी स्टैंड संचालक व टेम्पो चालक संघ में समझौता नहीं होने से उन्हें निराशा हाथ लगी। इस दौरान रेलवे की तरफ से दानापुर डिवीजन के सीटीआई अशोक कुमार, बक्सर आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, डुमरांव बीडीओ संतोष कुमार, श्रीनिवास सिंह, जीआरपी डुमरांव पोस्ट के प्रभारी अजय सिंह यादव, स्टैंड संवेदक अशोक सिंह तथा टेम्पो चालक संघ के पदाधिकारी शामिल थे। टेम्पो चालक संघ के उपाध्यक्ष बिनोद कुमार पांडेय ने इसकी पुष्टि की है।



## थर्मल पॉवर प्लांट में मजदूर की मौत, मुआवजे पर अड़े रहे श्रमिक

### कंपनी ने तत्काल दिया 50 हजार रुपए का मुआवजा

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा निमार्णाधीन थर्मल पॉवर प्लांट में बंगाल के एक मजदूर की मौत के बाद मंगलवार को मजदूरों ने पूरे दिन मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान श्रमिक अपने मृत साथी के परिजनों को कंपनी नियमों के मुताबिक मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि काम के दौरान ही उसकी मौत हुई है। जबकि कंपनी द्वारा दावा किया जा रहा था कि वह कॉलोनी में था इस दौरान तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां उसकी मौत हुई है। लेकिन मजदूर इस तर्क को मानने को तैयार नहीं थे। जिसके बाद सुबह से पूरे दिन उनका प्रदर्शन जारी था। इधर मुफिस्सल थानाध्यक्ष अमित कुमार तथा कंपनी अधिकारी उन्हें समझाने में लगे थे। इस दौरान कंपनी द्वारा तत्काल मृतक के परिजनों को दाह संस्कार तथा बतौर मुआवजा 50 हजार रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। लेकिन इस राशि को प्रदर्शन करने वाले मजदूरों ने नाकाफी बताया। जिस कारण पूरे दिन काम काज भी प्रभावित हुआ।

मृतक कालाचंद महतो पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिला के तिलगाड़ा गांव का रहने वाला था तथा पिछले छह महीने से चौसा के 1320 मेगावाट थर्मल पॉवर में कूलिंग टॉवर के निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहा था। कूलिंग टॉवर का निर्माण पहाड़पुर कंपनी द्वारा करवाया जा रहा था। मजदूरों ने बताया कि वह सोमवार को दोपहर तक काम करते देखा गया था। लेकिन मंगलवार को सुबह उसकी मौत होने की जानकारी मिली।

# धरातल पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जांच करने सिमरी पहुंची केंद्रीय टीम

- टीम के सदस्यों ने स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित फाइलों को घंटों खंगाला



**केटी न्यूज/सिमरी**

मंगलवार को केंद्रीय टीम द्वारा प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की गई। केंद्रीय टीम के सदस्य लगभग 11 बजे दिन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमरी पहुंचे। वहां से टीम के सदस्य कुछ क्षण विराम करने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वरीय पदाधिकारियों को साथ लेकर अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र खरहाटाड़ पहुंचे। वहां टीम के सदस्यों द्वारा लगभग दो-तीन घंटे फाइलों को खंगालने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में संबंधित पदाधिकारियों से जानकारी ली गई। इसके बाद लगभग चार बजे टीम के सदस्य अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र बड़का राजपुर जांच के लिए पहुंचे। इस संबंध में जब केंद्रीय टीम के पदाधिकारियों से पूछा गया, तो उन लोगों द्वारा बताया गया कि यह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा टीम गठित कर स्वास्थ्य सेवाओं की जांच गोपनीय ढंग से कराई जा रही है। जांच के दौरान जो भी खामियां पाई जायेगी। उसकी रिपोर्ट टीम द्वारा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को सौंपी जायेगी। माना जा रहा है कि यह टीम धरातल पर स्वास्थ सुविधाओं को परखने के साथ ही उन्हें और बेहतर बनाने के लिए फिडबैक ले रही है। सूत्रों का कहना है कि स्वास्थ विभाग के लिए केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सतही हालात की जानकारी भी ली जा रही है। गौरतलब है कि कोरोना काल के बाद से केन्द्र सरकार ने राज्यों में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ सुविधाओं को मजबूत करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में यह टीम भी जांच करने आई है। इसके पहले जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय टीम भी जांच कर भौतिक स्थिति का जायजा ले चुकी है। हालांकि केन्द्रीय टीम के जांच के लिए आने के बाद स्वास्थ विभाग के कर्मियों की मुश्किलें बढ़ गई है। पहले दिन ही कई कर्मियों के चेहरे पर चिंता के भाव झलक रहे थे कि टीम को कही से खामी नजर न आए।

## बाइक की टक्कर से प्रोफेसर जख्मी, डॉक्टरों ने किया रेफर

**डुमरांव।** नगर के बाहरी छोर पर स्थित डुमरेजनी मंदिर मोड़ के पास मंगलवार की देर शाम हुए एक सड़क दुर्घटना में स्थानीय पेट्रोल पंप संचालक सह सुमित्रा महिला कॉलेज के प्रोफेसर अंबिका सिंह घायल हो गए है। पैदल सड़क पार करने के दौरान एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने उन्हें धक्का मार दिया है। वहा मौजूद लोगों द्वारा आनन फानन में उन्हें एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहा से प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। उनका इलाज करने वाले डाक्टर ने उन्हें खतरे से बाहर बताया है। वही इस घटना के बाद डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर वाहनों के तेज रफ्तार परिचालन के प्रति लोगों में गहरा आक्रोश है। बता दें कि अंबिका सिंह शहर के चुनिंदा सभ्य शरीफ व पढ़े लिखे लोगों में गिने जाते है। ऐसे में उनके दुर्घटना की खबर मिलते ही उनका हाल चाल जानने के लिए सैकड़ो की भीड़ लग गई थी। बहरहाल हालत खतरे से बाहर होने पर लोगों ने चैन की सांस ली है।

# प्राकृतिक तरीकों से उपचार कर अपने स्वास्थ्य का करें बचाव : संत जगदीश

- जेपी मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन
- अंग वस्त्र और प्रतीक चिह्न भेंट कर न्यूरो हीलिंग टीम को दी गयी विदाई



जगदीश मुनि स्मृति चिह्न देते मुख्य अतिथि, साथ में हैं ट्रस्ट के चेयरमैन प्रदीप जायसवाल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्वास्थ्य ही मानव शरीर के लिए सबसे बड़ा धन है। स्वस्थ रहने के लिए योगासन और प्राकृतिक विधि से मसाज लेना आवश्यक है। उक्त बातें पंजाब के संत जगदीश मुनि आचार्य ने अपने संबोधन में कहीं। जेपी मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के समापन के मौके पर उन्होंने संदेश दिया और कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। थोड़े-थोड़े और हर कदम पर सेवा भाव की लालसा रखे तो असहाय और रोगियों का जीवन कल्याण बन सकता है। उन्होंने प्राकृतिक उपचारों पर बल देते हुए कहा कि शरीर में पनप रहे रोगों का इलाज शरीर में ही छिपा है। इसे जानने की कला महत्वपूर्ण है। इस दौरान भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी ने कहा कि योग से मन-मस्तिष्क का विकास होता है तो न्यूरो हीलिंग पद्धति के उपचार से शारीरिक तेज और बल मिलता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सह ट्रस्ट के चेयरमैन प्रदीप कुमार जायसवाल और संचालन शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता ने किया। इसके पूर्व संत मुनि को अंग वस्त्र और प्रतीक चिह्न भेंट की गयी। साथ ही न्यूरो हीलिंग टीम को विदाई दी गयी। चेयरमैन प्रदीप जायसवाल ने कहा कि स्व. जगदीश प्रसाद की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रमों के तहत अब तक 10 हजार गरीब लोगों के आंखों की रौशनी और हर वर्ष 500 गरीबों के बीच कंबल वितरण के साथ अन्य सेवाएं की जाती है। कार्यक्रम में एडीएम विकास जायसवाल, जिला लोक शिकायत पदाधिकारी किशोरी चौधरी, मुकुल कुमार, पिंकी पाठक, अजीत जायसवाल, राजू खरवार, प्रमोद जायसवाल, कमल चौरसिया, अमोद जायसवाल उपस्थित थे।

# डुमरांव में शुरू हुआ रैन बसेरा, अब ठंड में जरूरतमंदों को मिलेगा छत का सहारा

- नगर परिषद ने दी गरीबों को रेन बसेरा की सौगात
- रैन बसेरा में रात गुजार सकेंगे शहर के बेसहारा गरीब व जरूरतमंद लोग
- डे एनुलम योजना के तहत खुला स्टेशन के पास रैन बसेरा



रैन बसेरा का जायजा लेते डुमरांव नगर परिषद के अधिकारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर परिषद में शहरी क्षेत्र के गरीबों को रैन बसेरा की सौगात दी गई है। जाड़े के मौसम में कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगर परिषद में स्टेशन के पास अस्थाई रैने बसेरो खोला दिया है। यहे रैने बसेरो गरीबों के लिए जाड़े के मौसम में सर खपाने के लिए बहुत बड़ा केंद्र होगा। जहां गरीब न सिर्फ खुले आकाश के बजाये पक्की छत के नीचे होंगे। बल्कि उन्हें रहने ठहरने के लिए गद्देदार मुलायम बिस्तर व कंबल की गर्मी मिल सकेगा। कड़कड़ाते जाड़े के इस मौसम में गरीबों को खुले आकाश तले रात बिताने की विवशता खत्म हो गई है। स्थानीय नगर परिषद ने जाड़े के मौसम तक अस्थाई रैने बसेरो का सौगात गरीब लोगों के लिए प्रदान किया है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने बतायो रैने बसेरो गरीब लोगों के रात बिताने के लिए है। किसी को खुले आकाश के नीचे नहीं सोना है। यहे रैने बसेरो पूरी तरह से निःशुल्क है। किसी को भी इस सुविधा के

### डुमरांव में स्थाई रैनबसेरों के निर्माण के लिए उचित जगह की हो रही तलाश: मनोज कुमार

कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत इस रैन बसेरा को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर खोला गया है। उन्होंने कहा कि नगर में स्थाई रैन बसेरा के निर्माण के लिए उचित जगह की तलाश की जा रही है। जगह मिलते ही नगर परिषद नगर में स्थाई रैन बसेरा का निर्माण करेगा। इससे पूर्व गरीबों के बेहतर लाभ के लिए अस्थाई रूप में रैन बसेरा खोला गया है। जो मंगलवार से ही गरीबों को समर्पित कर दिया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी ने इसके बृहद प्रचार प्रसार के साथ ही कहा कि रात के समय सड़क पर भटकने वाले गरीब तबके के लोगों को रैन बसेरा में ठहराव तथा समय समय पर इस पर निगरानी रखने की अपील की। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि रेलवे कर्मियों को भी आगाह किया गया है कि रात के समय में भटकते हुए व्यक्ति को रैन बसेरा में भेजा जाए। इसके लिए रेलवे से उद्घोषणा भी की जा रही है। मौके पर नगर परिषद के प्रधान सहायक दुर्गेश कुमार सिंह सिटी मिशन मैनेजर कुमारी रश्मि राकेश कुमार पांडे उपस्थित थे।

## फटाफट खबरें

### अतिक्रमित हुई बस स्टैंड की जमीन

**डुमरांव।** नया थाना के पास स्थित बस स्टैंड की जमीन प्रशासनिक उदासीनता से अनुपयोगी बन गई है। बस स्टैंड की जमीन पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हो गया है। नगर परिषद इस जमीन पर फुटपाथियों के लिए दुकान बनाने की तैयारी में है। ऐसे में बस स्टैड का वजूद मिटने के साथ ही यातायात की समस्या और गंभीर होने की संभावना जताई जा रही है। बताया जाता है कि तत्कालीन विधायक सह पथ भवन निर्माण मंत्री बसंत सिंह ने इस बस स्टैंड का शिलान्यास किया था। लेकिन न तो बस स्टैंड का निर्माण पूरा हुआ और न ही कभी इस जगह पर बसों का ठहराव सुनिश्चित किया गया। लिहाजा अनुमंडल मुख्यालय की सड़क से गुजरने वाले बस चालक सड़क किनारे अपने वाहन को खड़ा करने को मजबूर है। शहर में यातायात की गंभीर हो चुकी समस्या तथा हर दिन लगने वाले जाम की मुख्य वजह सड़क किनारे यात्री वाहनों के खड़ा करने को बताया जाता है। नप प्रशासन द्वारा कई बार ऑटो तथा बसों के ठहराव का रूट चार्ट भी निर्धारित किया गया है। जो प्रमाणिक करता है कि नगर में जाम की समस्या का मुख्य कारण सड़क किनारे यात्री वाहनों का ठहराव है।

### उद्घाटन के 9 साल बाद भी अधूरा है पुलिया पथ

**डुमरांव।** अरक गांव स्थित धर्मावती नदी पर बने पुलिया के पास संपर्क पथ का निर्माण 9 वर्षों के बाद भी नहीं हो सका। एप्रोच रोड कच्ची व अधूरी होने के चलते वहां हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। खासकर, बरसात के दिनों में वाहन दुर्घटनाएं कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है। चूंकि, पुलिया से लगायत उतरी छोर पर संपर्क पथ का निर्माण कार्य करा दिया गया है। जबकि, दक्षिणी छोर पर कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है। कार्य एजेंसी द्वारा अधूरे पड़े पथ पर ईंट के टुकड़ों से भराई कर सिर्फ खानापूर्ति कर दी गई। ऐसे में यह संपर्क पथ राहगीरों के लिये प्रत्येक साल खतरनाक साबित हो जाता है। मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजनांतर्गत निर्मित उच्च स्तरीय आरसीसी पुलिया का निर्माण वर्ष 2009 में संपन्न हुआ था। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद उसी साल 11 जून को तत्कालीक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रिमोट के द्वारा इसका उद्घाटन किया था। उद्घाटन के पश्चात पुलिया को आम लोगों के लिये खोल दिया गया। पुलिया का निर्माण कार्य जब शुरू हुआ था।

# भगवान से मिलने के लिए मनुष्य को चढ़ाने पड़ते हैं भक्ति के नौ सोपान : इन्द्रेश जी

- सीताराम विवाह महोत्सव के दूसरे दिन हुई नवधा भक्ति की व्याख्या
- आत्मा से परमात्मा के मिलन का महोत्सव है सिय पिय मिलन महोत्सव

**केटी न्यूज/बक्सर**



पूज्य श्री खाकी बाबा सरकार की पुण्य स्मृति में आयोजित 53वें श्री सीताराम विवाह महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार की प्रातः बेला से ही आश्रम में विभिन्न धार्मिक आयोजन प्रारंभ हो गए। आश्रम के परिकरो द्वारा सर्वप्रथम श्री रामचरितमानस जी का नवाह पारायण पाठ किया गया। तत्पश्चात दामोह की संकीर्तन मण्डली के द्वारा नव दिवसीय अखण्ड अष्टांग हरिकीर्तन दूसरे दिन भी जारी रहा। वृंदावन के श्रीराम शर्मा एवं श्री कुंजबिहारी शर्मा जी के निर्देशन में रासलीला के तहत श्री कृष्ण भगवान के बाल लीला का मंचन किया गया। सोमवार से प्रारंभ नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास श्रीइन्द्रेश जी महाराज ने भागवत जी के मंगलाचरण एवं नवधा भक्ति की व्याख्या से सबका मन मोह लिया।

श्री इन्द्रेश जी ने कहा कि जब सरस्वती नदी के तट पर महर्षि वेदव्यास जी श्रीमद्भागवत की रचना करने के लिए बैठे, तो 33 कोटि देवताओं की दृष्टि इसी बात पर लगी थी कि भागवत जी किसे प्रथम प्रणाम करते हैं। जहां भागवत जी ने अपनी बुद्धि की पराकाष्ठा दिखाते हुए परम सत्य को प्रणाम किया। जिससे की समस्त देवताओं को प्रणाम हो गया और कोई नाराज नहीं हुआ श्रीमद्भागवत जी के प्रथम श्लोक में कहा गया है कि जो अभिज्ञ है, अनभिज्ञ नहीं, जिन्होंने आदि कवि ब्रह्मा जी सहित सभी देवताओं को भी अपनी लीला से मोहित कर रखा है। पंचतत्व जिनके अधीन है। जो पृथ्वी पर अपने सुंदर ज्ञान को प्रस्थापित करने के लिए आए हैं। जो जन्म मरण के बंधन से पूर्णतया मुक्त हैं, ऐसे परम सत्य को मैं प्रणाम करता हूं। श्री इन्द्रेश जी ने कहा कि वह परम सत्य श्री ठाकुर जी का नाम ही है। श्री इंद्रेश जी ने आगे कहा कि यह सिय पिय मिलन महोत्सव आत्मा से परमात्मा के मिलन का महोत्सव। उन्होंने नवधा भक्ति की व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान से मिलने के लिए मानव को भक्ति के नौ सोपान चढ़ाने पड़ते हैं। जिसे नवधा भक्ति कहा गया है। महोत्सव के दौरान मिथिला के श्रीविश्वनाथ शुक्ल श्रृंगारी जी के द्वारा पदगायन किया गया। वहीं, रात्रि में आश्रम के परिकरों के द्वारा जय विजय प्रसंग का मंचन किया गया।

## बक्सर के बाजार समिति प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय मेले का समापन

# कृषि यांत्रिकीकरण मेला : दो दिनों में 62 लाख रुपये से अधिक के यंत्रों की हुई बिक्री

- यंत्रों के प्रयोग करने की पद्धति से रुबरु हुए जिले के किसान
- नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गई पराली जलाने के नुकसान की जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**



मैं हूं फसल अवशेष, मुझे न जलाना, कूड़ा न समझो मुझे, मैं हूं खेत का गहना... थीम के साथ दो दिवसीय कृषि यांत्रिकीकरण मेला का समापन मंगलवार को किया गया। सदर प्रखंड स्थित बाजार समिति के प्रांगण में दिन दो दिवसीय कृषि यांत्रिकीकरण मेला के समापन के अवसर पर किसानों ने लगभग 62 लाख रुपये से अधिक राशि के यंत्रों की खरीदारी की। जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि दो वर्षों के अंतराल पर जिले में दो दिवसीय कृषि यांत्रिकीकरण का आयोजन हो रहा है। जिससे किसानों में हर्ष का माहौल था। मेला में पराली प्रबंधन से संबंधित सभी यंत्रों का लाइव प्रदर्शन की व्यवस्था की गई थी। जिससे किसानों ने मौके पर यंत्रों के प्रयोग करने की पद्धति से रुबरु हुए। डीएओ ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में कस्टम हायरिंग सेंटर कार्यरत है। उक्त सेंटर पर बहुत ही कम राशि में पराली प्रबंधन से संबंधित यंत्र किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। अगर किसान यंत्र खरीदने में सक्षम नहीं हैं, वैसे किसान कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से किराये पर यंत्र लेकर पराली प्रबंधन के साथ-साथ अन्य खेती-बाड़ी का कार्य कर सकते हैं।

### विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कृषि यांत्रिकीकरण मेला का भ्रमण कर यंत्रों का किया अवलोकन

मेले में नुक्कड़ नाटक की भी व्यवस्था की गई थी। इसके माध्यम से पराली जलाने के नुकसान एवं नहीं जलाने से फायदे के साथ-साथ रबी मौसम में उगाई जाने वाली फसलों के प्रबंधन पर लघु नाटक के माध्यम से जानकारी दी गई। यहां बताते चलें कि आत्मा द्वारा आयोजित रबी किसान चैपाल में उक्त नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जिले के सभी पंचायतों में वृहद रूप से पराली प्रबंधन पर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, पराली प्रबंधन को लकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी जागरुक किया जा रहा है। इस मद्येनजर मंगलवार को बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कृषि यांत्रिकीकरण मेला में भ्रमण कर यंत्रों का अवलोकन किया।

### वायु प्रदूषण के मामले में बक्सर जिला रेड जोन में

विभागीय स्तर पर वायु प्रदूषण के मामले में बक्सर जिला रेड जोन में है, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। ऐसे में पराली जलाना जले पर नमक छिड़कने जैसा है। इसके लिए विभाग द्वारा आकर्षक अनुदान पर पराली प्रबंधन वाले यंत्र यथा स्ट्रा मैनेजेमेंट सिस्टम, स्ट्रा बेलर, हैप्पी सीडर, रोटावेटर इत्यादि उपलब्ध कराया जा रहा है। अनुदान राशि की जानकारी विभाग के वेबसाईट www.dbtagriculture.gov.in से हासिल की जा सकती है। मौके पर सभी विभागीय कर्मी एवं प्रगतिशील कृषक मौजूद थे।

## पानी टैक्स वसूली के बावजूद जलजमाव की समस्या से त्रस्त हैं शहरवासी

**केटी न्यूज/डुमरांव**




11 सूत्री मांगों को लेकर शहर के लोगों ने मंगलवार को नगर परिषद के नप परिसर में एकदिवसीय धरना दिया। नगर भवन के मुख्य गेट पर आयोजित इस कार्यक्रम की अगुवाई समाजसेवी पूर्व वार्ड पार्षद धीरज कुमार ने किया। इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि नगर परिषद प्रशासन सफाई, रौशनी और पीएम आवास योजना से जुड़े लाभुकों के प्रति उदासीनता बरत रही है। कई जगहों पर नाला का पानी ओवरफ्लो होकर जलजमाव जैसी स्थिति बन गयी है।

गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और लोग लगातार डेंगू की चपेट में आ रहे है। नगर पर्षद द्वारा एलइडी लाइट लगाया गया, लेकिन वह रौशनी देने से पहले ही दम तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि शहरवासी जलजमाव की समस्या से त्रस्त है। लेकिन नप प्रशासन जल टैक्स वसूली कर रही है। जल, जीवन व हरियाली के नाम पर नप केवल खानापूर्ति कर रही है।

हमारी मांगो पर कार्रवाई नहीं की गयी तो आगामी 30 जनवरी को शहरवासियों के साथ भूख हड़ताल की जायेगी। इस दौरान दर्जनों वक्ताओं ने कहा कि नगर पर्षद की कार्यशैली पूरी तरह से पारदर्शिता नही रहती। हर कामों के लिए चढ़ावा दिया जाता है। सार्वजनिक शौचालय में भी गंदगी पसरी है। सफाई व्यवस्था चरमरा गयी है। सभा के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने डुमरांव अनुमंडलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। मौके पर डब्लू मिश्र, रामावतार, राजकुमार, मालती, गोपाल, पूनम देवी, भरत, संजय पासवान, ओमप्रकाश, रोहित, ज्योति, असलम, पिंकी, संतोष कुमार, परमानंद सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## दो भाइयों के बीच जमीन विवाद का ग्राम कचहरी से किया गया निपटारा

**केटी न्यूज/नावानगर**

सिकरौल पंचायत के ग्राम कचहरी में दो भाइयों के बीच जमीन विवाद का निपटारा आपसी सहमति से किया गया। साथ ही इस विवादित जमीन की मापी कराकर दोनों भाइयों के हिस्सेदारी पर दखल कराया दिया गया। सरपंच पवन सिंह ने बताया कि पंचायत के विक्रमपुर निवासी के दो भाई सुरेन्द्र सिंह बनाम लक्ष्मण सिंह के बीच पुश्तैनी घर की जमीन को लेकर बीते 14 वर्षों से विवाद चल रहा था। इसी बीच बीते सप्ताह मामला ग्राम कचहरी में पहुंचा। जिसके बाद ग्राम कचहरी में दोनों भाई के बीच 12 डीसमील घर की पुश्तैनी जमीन की सुनवाई की गई। दोनों पक्षों के सुनवाई के बाद सरपंच ने जमीन की मापी कराकर की फैसला लिया। जमीन मापी के दौरान दो भाग में हिस्सा लगाया गया। साथ ही दोनों भाइयों को हिस्सेदारी के अनुसार दखल कराया। इस दौरान उपसरपंच रामानुज सिंह, सचिव मंजू देवी, वार्ड सदस्य लालू यादव, रामेश्वर सिंह, राजेंद्र सिंह, भाई विकास पंडित, आकाश मैक्स, बिट्टू राज, विशाल सिंह, हरेंद्र यादव समेत अन्य लोग थे।

**ग्राम कचहरी में नहीं पहुंचते है न्यायमित्र :** सिकरौल पंचायत में लगने वाली ग्राम कचहरी में न्यायमित्र नहीं पहुंचते हैं। जिसको लेकर ग्राम कचहरी के सदस्यों में नाराजगी व्याप्त है। सरपंच पवन सिंह ने बताया कि ग्राम कचहरी में मामला पहुंचते ही निपटारा के लिए समय एवं तिथि निर्धारित कर न्यायमित्र को सूचना दे दी जाती है। पर जानकारी के बावजूद उक्त तिथि को ग्राम कचहरी में न्यायमित्र नहीं पहुंचते। ऐसे में उपसरपंच एवं पंचों की मदद से जमीनी विवाद मामला का निष्पादित की जाती है।

**ग्राम कचहरी के मजबूत होना जरूरी :** हाल के दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि विवाद से संबंधित मामलें बढ़ गए है।

## छोटी खबरें

### सरकार के निर्देश से नाराज पैक्स अध्यक्षों ने फैसले का जताया विरोध



**राजपुर।** प्रखंड के सभी 19 पैक्स एवं व्यापार मंडल पर धान अधिप्राप्ति के लिए सूचित कर दिया गया है। अब तक पांच पैक्स व व्यापार मंडल पर धान की खरीद शुरू कर दी गयी है। अन्य क्रय केंद्रों पर धान कटनी शुरू होते ही धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस बार सरकार ने फरमान जारी कर दिया है कि सभी पैक्स इकाइयां धान अधिप्राप्ति के बाद खाद्य निगम को उसना चावल देंगे। इसको लेकर राजपुर के सभी पैक्स अध्यक्षों ने विरोध जताते हुए कहा कि प्रखंड के अंदर कोई भी राइस मिल उसना चावल का रजिस्टर्ड नहीं है। बगैर रजिस्टर्ड भी कोई मिल नहीं है। ऐसे में उसना चावल कहां से आएगा। अगर किसी दूसरे जिले में उसना चावल के लिए धान को भेजा जाएगा तो इसका लागत खर्च अधिक आएगा। ऐसे में किसान एवं पैक्स इकाई को घाटे का सौदा करना पड़ सकता है. सरकार से मांग है कि जिन जिलों में उसना चावल का राइस मिल मौजूद है। वहां उसना चावल लिया जाए। इसको लेकर एक लिखित आवेदन जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शुक्ला, विनोदानंद ओझा, बिपिन बिहारी सिंह, ओमप्रकाश प्रसाद, अंगद सिंह ,धर्मेंद्र सिंह, सचिन मौर्य ,संतोष कुमार राय, निशांत कुमार सिंह, बनी पैक्स प्रतिनिधि अनिल सिंह, बारुपुर पैक्स प्रतिनिधि राजेश्वर सिंह, शैलेश कुमार दुबे सहित अन्य लोगों ने लिखित आवेदन देकर जिलाधिकारी को अवगत कराया कि उसना चावल देने में सक्षम नहीं है। इसलिए सरकार उत्तर प्रदेश की तरह धान ही ले।

### पंचायत के विकास के लिए हुई जीपीडीपी की बैठक



**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र के केसठ सरकार भवन में ग्राम पंचायत विकास योजना एवं जीपीडीपी के निर्माण के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता केसठ पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने किया। आयोजित बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 में क्रियान्वित योजनाओं का चयन किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 की नियोजन प्रक्रिया शुरू करते हुए पंचायतों के सामाजिक और आर्थिक विकास की वार्षिक योजना ग्राम पंचायत के माध्यम से तैयार की जाएगी। ग्राम पंचायत को लाभ पहुंचाने वाले कार्य सामाजिक विषय से संबंधित गतिविधियों को स्वच्छता, नली गली निर्माण जलापूर्ति को विकसित करने जैसी बुनियादी सुविधाओं पर जोर दिया जाएगा। इस मौके पर उपमुखिया अमितेश कुमार गुप्ता, नसरूदीन, रोजगार सेवक जितेंद्र कुमार सिंह, मनरेगा कर्मी, राजेश, अरविंद, स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय प्रसाद, जीविका दीदियां सहित अन्य लोग उपस्थित रही।

### केसठ महादेव गंज मुख्य मार्ग हुआ क्षतिग्रस्त



**केसठ।** प्रखंड के कतिकनार नहर से पोखरा टोला होते हुए महादेवगंज तक जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से इस पर आवागमन बाधित हो रहा है वही दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों की मानें तो महादेवगंज के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली यह एकमात्र सड़क है। जिस पर पूरे दिन सैकड़ो वाहनों का परिचालन होता है। सड़क के जर्जर होने से आम राहगीरों के साथ ही वाहन चालकों की मुश्किलें भी बढ़ गई है। जदयू नेता राजीव सिंह उर्फ सोनू ने बताया कि विगत 6 माह से आवागमन में ग्रामीणों को परेशानी हो रही है तथा आए दिन दुर्घटना होती रहती है। उन्होंने बताया कि वाहन चालकों को वाहन चलाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। राजीव सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण में पोखरा टोला के पोखरा से ट्रक ट्रैक्टर डंपर आदि वाहन मिट्टी लादकर एनएच 30 पर ले जाते है जिस कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही उन्होंने बताया कि पोखरा टोला से महादेव गंज मध्य विद्यालय तक लगभग 600 से 700 मीटर तक सड़क पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्होंने जिला प्रशासन से इस सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

### पराली जलाने से निकलने वाला धुआं बन सकता है जानलेवा

**कृष्णब्रह्म।** गेंहू की बुआई की तैयारियां किसानों ने शुरू कर दी है। जिला प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा रोक लगाने के बावजूद खेतों के पराली को नष्ट करने के लिए उसमें आग लगाई जा रही है। जबकि ऐसा करना खेती के लिए नुकसानदायक है। पराली को जलाने से मिट्टी के पोषक तत्व जल जाते हैं। धान काटने के बाद बचे हुए पराली को किसानों द्वारा आग लगाकर नष्ट कर दिया जा रहा है। जबकि गाइड लाइन के अनुसार खेतों में पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन अधिकारियों की उदासीनता से पराली जलाने का सिलसिला जारी है। जिससे प्रदूषण स्तर भी बढ़ रहा है। यह मानव जीवन के लिए खतरनाक भी साबित हो सकता है। प्रखंड क्षेत्र के उड़ियानगंज, सोवां, रेहिया, ढेंका साहित्य अन्य गांवों में लगातार किसानों द्वारा अपने खेतों में पराली जलाई जा रही है। जिससे खेतों के साथ वातावरण में इसका असर पड़ रहा है।

# ध्यान दें... सुरक्षित प्रसव के लिए गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व चारों जांच जरूरी

- मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए प्रबंधन के साथ संस्थागत प्रसव जरूरी
- गर्भवतियों को प्रसव के दौरान बेहतर सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग सजग

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले में मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सुरक्षित प्रसव जरूरी है। सुरक्षित प्रसव के लिए उचित स्वास्थ्य प्रबंधन जरूरी है। लेकिन, सुरक्षित प्रसव के लिए संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता देना उससे भी अधिक जरूरी है। हालांकि, सरकार और विभाग के प्रयासों से अब प्रखंड से लेकर जिला स्तर के सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित प्रसव के लिए पूरी सुविधा उपलब्ध है। जिसका लाभ लोग उठा रहे हैं। इस क्रम में गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के दौरान बेहतर सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सजग और संकल्पित है। संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता देने से ना सिर्फ सुरक्षित प्रसव होगा, बल्कि शिशु-मृत्यु दर में भी कमी आएगी। इसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं।

**सुरक्षित प्रसव के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध है पर्याप्त सुविधा :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल भट्ट ने बताया, सुरक्षित प्रसव के लिए सदर अस्पताल के अलावा पीएचसी व अनुमंडलीय अस्पताल में पर्याप्त सुविधा उपलब्ध हैं। प्रसव के लिए आने वाली प्रसूति को बेहतर से बेहतर सुविधा मिले, इस बात का विशेष ख्याल भी रखा जाता है। इसके अलावा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी एएनएम और आशा अपने-अपने पोषक क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर करती हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षित प्रसव के लिए प्रसव पूर्व जांच की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इससे गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की सही जानकारी मिलती है। एनीमिया प्रबंधन के लिए प्रसव पूर्व जांच के प्रति महिलाओं की जागरूकता ना सिर्फ एनीमिया रोकथाम के साथ सुरक्षित मातृत्व की आधारशिला भी तैयार करती है।

**एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं की भी करायी जाती है जांच :** जिले के सदर प्रखंड स्थित पांडेय पट्टी की आशा मालती देवी ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच के लिए प्रेरित किया जाता है। ताकि, गर्भधारण से लेकर प्रसव की अवधि तक उनकी चार बार जांच कराई जा सके। इसके लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर माह की नौवीं तारीख को निःशुल्क जांच की जाती है। साथ ही, ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस आदि कार्यक्रम के माध्यम से एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं की जांच करायी जाती है। इस क्रम में गर्भवती महिलाओं को बेहतर खानपान के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व चारों जांच, माता एवं उसके गर्भस्थ शिशु की स्थिति स्पष्ट करती और संभावित जटिलताओं का पता चलता है। लक्षणों के मुताबिक जरूरी चिकित्सकीय प्रबंधन किया जाता है, ताकि माता और उसके शिशु दोनों स्वस्थ रहें।

### संस्थागत प्रसव के मामलों में हुई है बढ़ोत्तरी

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण पांच के अनुसार जिले में संस्थागत प्रसव के मामलों में बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2015-16 में ये आंकड़ा 81.6 प्रतिशत था, जो 2019-20 में बढ़ कर 89.5 प्रतिशत हो गया। वहीं, लेबर ओटी में दक्ष चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रतिशत में भी बढ़ोत्तरी देखी गई है। 2015-16 में ये आंकड़ा 83.6 प्रतिशत था, जो 2019-20 में बढ़ कर 90.6 प्रतिशत हो गया है। वहीं, प्रसव पूर्व जांच की बात करें तो 61.5 प्रतिशत महिलाएं पहली एएनसी जांच कराती हैं और 27.4 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं ही चारों एएनसी की जांच करा पाती हैं। जिसको बढ़ाने के लिए आशा कार्यकताओं और आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं को जिम्मेदारी दी गई है।

## छोटी खबरें

### स्वास्थ्य शिविर में जांच व परामर्श के साथ मरीजों को मिली नि: शुल्क दवाइयां



**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र के सिया बस्ती गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को नि.शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों द्वारा किया गया। इस शिविर में डॉक्टर बृजलाल, डॉ कमलेश कुमार, फार्मासिस्ट कपिल देव, राजेंद्र कुमार आदि अस्पताल के कर्मियों ने होने वाली बीमारियों के बाबत मरीजों की आसपास के विभिन्न गांव से आए कुल 80 मरीजों का जांच कर चिकित्सकों द्वारा दवाई दी गई। शिविर के दौरान मौके पर पहुंचे अस्पताल के अधीक्षक डॉ दिनेश कुमार चंद्रा ने लोगों को आगाह किया कि वैश्विक महामारी को देखते हुए आप सभी लोग कोविड-19 की जांच करा कर नियमानुसार वैक्सीनेशन भी ले लें। जिससे आपके साथ आपके परिवार के सभी लोग स्वस्थ रहेंगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### रेलवे स्टेशन के मालगोदाम में खड़े ट्रक में मिला युवक का शव, मची सनसनी



**मऊ।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के माल गोदाम पर एक ट्रक में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना के बाद देखते ही देखते आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं, मामले की जानकारी होते ही जीआरपी पुलिस एवं कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंचकर तमाशा बिन बनी रही। दोनों थानों की पुलिस के बीच सीमा विवाद को लेकर लगभग 5 घंटों तक शव वहां पड़ा रहा। बाद में परीय अधिकारियों की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने कमान संभालते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जाता है कि सराय लखंसी थाना क्षेत्र के अमारी निवासी बुद्धू राम का बेटा विपिन कुमार गांव के ही संजीव कुमार का ट्रैक्टर चलाता था। सोमवार की शाम वो माल गोदाम पर सीमेंट की बोरी लादने के लिए आया हुआ था। मंगलवार की सुबह में गोदाम के पास खड़ी एक ट्रक में शव मिला। जिसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और जीआरपी को दी। मृतक के भाई अजीत कुमार ने बताया कि विपिन के कंधों पर पूरे परिवार के जीविकोपार्जन की जिम्मेदारी थी। उसने अपने भाई की हत्या का अरोप लगाते हुए पुलिस से कड़ी जांच की मांग की। वहीं, घटना की जानकारी होने के बाद परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है।

### कोर्ट के निर्देश पर कुर्की के पहले पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर चस्पा किया नोटिस



**मऊ।** थानाध्यक्ष हलधरपुर गंगासागर मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल ने मंगलवार को खरारगाड़ी ग्राम पंचायत में पहुंच कर फरार चल रहे अभियुक्त नारायण चौहान के घर पर नोटिस चस्पा किया। बताया जा रहा है कोर्ट के निर्देश के बाद भी अभियुक्त कई दिनों से फरार चल रहा है। यदि 30 दिनों के अंदर वह कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं होता है, तो उसके घर की चल और उसके बाद अचल संपत्ति कुर्क की जाएगी। मामले में बताया जाता है कि जिले के हलधरपु थाना अंतर्गत खरार गाड़ी निवासी स्व. कन्हैया चौहान की पत्नी रंजना चौहान ने गांव के ही लालजी चौहान के बेटे नारायण चौहान के ऊपर अपराध संख्या 205 / 22 धारा 376/ 506 के तहत मामला दर्ज कराया था। जिसमें बार-बार दबिश देने के बावजूद अभियुक्त नारायण चौहान लगातार फरार चल रहा है। जिसके विरुद्ध न्यायालय एसीजेएम चतुर्थ ने धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा जारी की गई।

### विज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**बलिया।** नगर के रामलीला मैदान स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिषद में मंगलवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें करीब 150 बच्चों ने अपने प्रोजेक्ट के प्रस्तुति की। बच्चों ने प्रेजेंटेशन के द्वारा अपने हाथों बनाएगा प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से बताएं। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उत्कृष्ट प्रोजेक्ट के चयन के लिए शासन की से नामित तीन सदस्यीय समिति के सदस्य अविनाश सिंह (डायट, पकवाइनार), प्रियंका सिंह (राजकीय बालिका इंटर कालेज), अरूल (राजकीय इंटर कालेज) ने परिषदीय व कस्तूरबा बालिका विद्यालय के 10 बालक-बालिकाओं का चयन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने बच्चों को पुरस्कृत किया।

### घर में सो रही महिला की सर्पदंश से मौत

**मऊ।** जनपद के चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के जमीन सरौंदा ग्राम की एक महिला की सोमवार की देररात एक सांप से डंस लिया। जिसके बाद उसकी मौत हो गई। घटना तब की है, जब महिला अपने घर में सो रही थी। घटना के बाद आसपास के लोग खौफजद हो गए। वहीं, मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि मुद्दुर राम की पत्नी कौशिल्या देवी (58 वर्षीय) अपने कमरे में सो रही थी। इस बीच रात को लगभग तीन बजे सोते समय उनके बिस्तर पर विषैला सांप चढ़ गया। जिसने सोने के दौरान उनके नाक और गले में काट लिया। जिसकी जानकारी होते ही परिजनों द्वारा इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन, रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। वहीं इस घटना सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में दशहत का माहौल है।

### प्रेमी के सामने ही युवती ने काटा अपना गला, गंभीर स्थिति को देखते हुए बनारस रेफर

**बलिया।** जिले के नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती ने प्रेमी के सामने ही अपना गला काट लिया। जिससे युवती गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। परिजनों ने उसे पीएचसी नगरा ले गये, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से भी चिकित्सकों ने वाराणसी रेफर कर दिया। इसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही है। नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव की (20 वर्षीय) युवती पान्डेयपुर स्थित मन्दिर के पीछे रास्ते पर अपनी प्रेमी से किसी बात को लेकर सोमवार की देर शाम अपना गला काट ली। जैसे ही इसकी जानकारी परिजनों को हुई, युवती को नगरा सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने सदर अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। सदर अस्पताल से युवती को वाराणसी रेफर कर दिया गया। चर्चा है कि युवकी का बगल के गांव के युवक के साथ प्रेम प्रसंग है।

# निकाय चुनाव में बलिया जिले के 25 हजार युवा पहली बार डालेंगे वोट

- बलिया नगर पालिका समेत 12 निकायों में होना है इस बार निकाय चुनाव
- नवगठित नगरा व रतसड़कला नगर पंचायत में पहली बार होगा निकाय चुनाव

**तलिक कुमार/बलिया**




जिले में निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत फोटो युक्त मतदान पहचान पत्र का प्रकाशन किया जा चुका है। इस बार निकाय चुनाव में करीब 25 हजार युवा पहली बार वोट डालेंगे। इनमें ग्राम पंचायत से नगर का हिस्सा बनी छह ग्राम पंचायतों के नए वोटरों में जबरदस्त उत्साह है। मतदाता सूची अभी तक नहीं पहुंची है, मगर जो युवा मतदाता सूची में अपना नाम देख रहे हैं, वे गदगद हैं। आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होने के बाद भी संभावित दावेदार युवाओं पर डोरे डाल रहे हैं। जिले में नगर पालिका बलिया समेत 12 निकाय हैं। इनमें नगरा और रतसड़कला नगर पंचायत नवगठित हुई हैं, जहां पहली बार चुनाव होना है।

मतदाता सूची के जारी आंकड़े में इस बार इन निकायों में 37 हजार 720 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। पांच साल पहले की अपेक्षा इस बार 69 हजार से अधिक मतदाता बढ़ गए हैं। इन बढ़े मतदाताओं में करीब 25 हजार मतदाता नए हैं। यह वह हैं, जिन्होंने 18 साल की उम्र पार कर ली है या फिर किन्हीं कारणों से गांव से नगर के निवासी बन गए हैं। नगरा की तीन और रतसड़ कला नगर पंचायत की तीन ग्राम पंचायतों में मतदाता सूची को लेकर जोश दिख रहा है। अधिकारियों के अनुसार मतदाता सूची तहसील से निकायों में भेजी जा रही हैं। करीब 25 हजार नए मतदाता अपना नाम देख सकेंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी श्याम नंदन तिवारी ने बताया कि मतदाता सूची हर बूथ पर पहुंचेगी।

### अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नौ लाख तक कर सकेंगे खर्च

चुनाव में जमानत राशि और व्यय सीमा की घोषणा निर्वाचन प्रशासन ने कर दी है। इस बार नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी चुनाव में नौ लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे, सभासद की खर्च सीमा दो लाख रु है। नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी 2.5 लाख रु तो नगर पंचायत के सभासद प्रत्याशी अधिकतम 50 हजार रु चुनाव प्रचार में व्यय कर सकेंगे।

### अध्यक्ष पद की जमानत राशि आठ हजार रुपये

नगरपालिका और नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की जमानत राशि आठ हजार रुपये तय की गई है। नगर पालिका व नगर पंचायत के सभासद पद के लिए जमानत राशि दो हजार रु है। नगर पालिका अध्यक्ष का नामांकन पत्र 500 रु, नगर पालिका के सभासद का 200 रु, नगर पंचायत के अध्यक्ष का 250 रु, सभासद का नामांकन पत्र 100 रु में मिलेगा।

---

**नाबार्ड द्वारा तैयार की गई संभाव्यता युक्त ऋण योजना का किया गया अनावरण**

# सरकार प्रायोजित योजनाओं में अधिक से अधिक ऋण वितरित करें सभी बैंक : डीएम

- बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला सहकारी बैंक के जीएम को किया गया शोकॉज

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



बैठक में शामिल डीएम व अन्य अधिकारी

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में राइफल क्लब सभागार में मंगलवार को जिला सलाहकार समिति, जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं ऋण जमानुपात वृद्धि समिति हेतु विशेष उपसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला सहकारी बैंक के जीएम के अनुपस्थित होने पर स्पष्टिकरण का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकरी ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन,` ऋण जमानुपात, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार, पीएम स्वनिधि, पीएमएफएमई, एक जनपद एक उत्पाद योजना, राष्ट्रीय शहरी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन सहित अन्य योजनाओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की। जिसमें उन्होंने एक अप्रैल से 30 सितम्बर तक इन योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। बैठक के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक शिव शंकर द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

जिलाधिकारी ने योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति वाले बैंकों के प्रति नाराजगी व्यक्त की। कहा कि सभी बैंक सरकार प्रायोजित योजनाओं में अधिक से अधिक ऋण वितरित करें तथा अकारण पत्रावलियों को अस्वीकृत ना करें। उन्होंने ऋण जमानुपात को 45 तक बढ़ाने हेतु सभी बैंकों को मोनीटेरेबल एक्शन प्लान बनाने हेतु निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सरकार द्वारा निर्धारित प्राथमिकता क्षेत्रों यथा कृषि, संबंधित आधारभूत संरचनाएं में, सूक्ष्म, लघु और मंझोले उद्यम और निर्यात आदि के क्षेत्रों में ऋण वितरण के लिए नाबार्ड द्वारा तैयार की गई संभाव्यता युक्त ऋण योजना का अनावरण किया। नाबार्ड ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जिले के सभी बैंकों द्वारा इन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को प्रदान किए जाने के लिए 3051 करोड़ रुपए की ऋणसंभावना का आकलन किया है।

डीडीएम नाबार्ड ने कृषि अवस्थापना निधि के तहत बैंकों को ज्यादा से ज्यादा ऋण वितरित करने के लिए कहा। जिले में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सभी बैंकों को ऋण वितरित करेंगे। कृषि अवस्थापना निधि के तहत केंद्र सरकार द्वारा 3 प्रतिशत का ब्याज पर अनुदान है। इस योजना के तहत यदि कोई कृषक उत्पादक संघ या मंडी समिति बैंकों से ऋण लेती है, तो राज्य सरकार भी ब्याज पर 3 प्रतिशत का अतिरिक्त अनुदान प्रदान करती है। कृषक उत्पादक संघों के द्वारा कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) के लिए राज्य सरकार की योजना के अंतर्गत 5.00 लाख तक के बैंक लोन पर कृषि विभाग द्वारा 3 प्रतिशत का ब्याज अनुदान दिया जाएगा। डीडीएम नाबार्ड ने सदन को यह अवगत कराया कि जिले के बैंकों को वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का कैंप लगाकर, सभी योजनाओं के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए सभी बैंकों को कैंप लगाने के लिए नाबार्ड के द्वारा सहायता राशि प्रदान की गई है।

## स्कूटी सवार किशोरी को डंपर ने रौंदा मौके पर हुई मौत, मां-बहन घायल



घटनास्थल पर खड़ा डंपर

- दुर्घटना के बाद डंपर छोड़ फरार हुआ चालक, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के जंगीपुर थाने के बाजार से कुछ दूरी पर फोरलेन पर मंगलवार की सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें एक तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से एक किशोरी की मौत हो गई। वहीं, घटना में उसकी मां और बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजवाजे हुए शव और डंपर को कब्जे में ले लिया।

बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह सदर कोतवाली क्षेत्र के बड़ापुरा (सट्टी मस्जिद) निवासी एहसान अहमद की छोटी पुत्री कायनात (15) अपनी मां नजमा और बहन मुन्तशा के साथ स्कूटी से बिरनो थाना क्षेत्र के भड़सर स्थित शहाबुद्दीनपुर गांव अपने मामा के घर जा रही थी। स्कूटी कायनात चला रही थी। अभी वह जंगीपुर बाजार से जैसे ही फोरलेन पर पहुंची, वाराणसी की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने पिछे से स्कूटी में टक्कर मार दी।

इस दौरान कायनाम की कमर से नीचले हिस्से में डंपर चढ़ने से गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि मां नजमा और बहन मुन्तशा घायल हो गई। मां और बहन की आंखों के सामने ही कायनात ने तड़पते हुए दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। परिजनों को घटना की सूचना देने के बाद घायलों को उपचार के लिए भेजवाते हुए शव और डंफर को कब्जे में ले लिया। इस संबंध में एसओ ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# अग्निवीर की दौड़ प्रक्रिया में शामिल हुए 6231 युवा, 3933 को मिली सफलता

- बुधवार को मऊ और बलिया के दो तहसीलों के अभ्यर्थियों को मिलेगा मौका
- सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हो रही सेना में चयन के लिए भर्ती की प्रक्रिया

**केटी न्यूज/बलिया**




पूर्वांचल समेत वाराणसी में इन दिनों अग्निवीर की भर्ती चल रही है। वाराणसी कैंट के रणबांकुरा स्टेडियम में भर्ती चल रही है। इस क्रम में मंगलवार को बलिया के सिकंदरपुर, बंसडीह और बैरिया जनपद के युवकों ने अपना दमखम दिखाया। यहां से 7420 अभ्यर्थियों ने रजिस्टर किया था, जिनमें से 6231 युवकों ने दौड़ में हिस्सा लिया। जिनमें 3933 अभ्यर्थी दौड़ प्रक्रिया में सफल हुए। अब बुधवार को मऊ के घोसी और बलिया के दो तहसीलों के अभ्यर्थियों को मौका दिया जाएगा। बताया जाता है कि अग्निवीर सेना भर्ती छह दिसंबर तक चलेगी। सेना भर्ती कार्यालय के अनुसार चयन भर्ती प्रक्रिया सीसीटीवी की निगरानी में हो रही है। आर्मी इंटेलिजेंस के साथ ही स्थानीय अभिसूचना इकाई, कमिश्नरेट पुलिस और एसटीएफ अलर्ट है। किसी तरह की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। अभ्यर्थियों से अपील है कि वह किसी के भी झांसे में न आए। सफल हुए अभ्यर्थियों को मैदान की दूसरी ओर अन्य दस्तावेजों की जांच के लिए बैठाया जा रहा है। स्कैनिंग सिस्टम के जरिए दस्तावेज का सत्यापन संभव हो पा रहा है। वहीं, रणबांकुरे मैदान के आसपास अभ्यर्थियों की मदद के लिए सेना कार्यालय की ओर से हेल्प डेस्क भी बनाई गई है।

### बिजली चोरी के आरोप में 15 उपभोक्ताओं पर दर्ज हुआ मुकदमा

**बलिया।** बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं पर बिजली कंपनी ने शिकंजा कसा है। कंपी के अवर अभियंता विनोद भारद्वाज ने श्रीनगर के 15 उपभोक्ताओं के खिलाफ सोमवार को विद्युत थाना में मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें सुनील कांत राय, रविशंकर राय, अनीता देवी, भानु प्रताप राय, मनोज राय, संजय यादव, वकील यादव, सीताराम यादव, आलोक सिंह, राजेश सिंह, शिवकुमार सिंह, हितनारायण राय, नागेंद्र राय, वीरेंद्र राय तथा हरेंद्र राय विद्युत उपभोक्ताओं पर मुकदमा दर्ज कराया है। अवर अभियंता विनोद भारद्वाज ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार प्रतिदिन बिजली का सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत ही अवैध कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जा रही है। बार-बार की चेतावनी के बाद भी संबंधित लोग अपना कनेक्शन वैध नहीं करा रहे थे।

## भगवान नाम के जाप मात्र से कट जाते हैं सारे पाप : स्वामी हरिहरानंद



**केटी न्यूज/बलिया**

जिले के गड़वार क्षेत्र के नारायनपाली गांव में स्थित मां कामाख्या धाम मंदिर परिसर में मंगलवार को स्वामी हरिहरानंद पधारे। उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने आशीर्वचन में उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन समय निकालकर भगवान का संकीर्तन करना चाहिए। भगवान का नाम जाप करने से मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पाप नष्ट होते हैं। जीवन मरण से मुक्ति मिलती है। कहा कि कलियुग में नाम जाप का बहुत महत्व है। धरती पर तमाम प्रकार के जीवधारी हैं, लेकिन इनमें सबसे अधिक विवेकशील प्राणी मनुष्य है। इसलिए प्रत्येक मानव का धर्म है कि वो सदैव धर्म कर्म में रत रहते हुए पुण्य कर्म करें। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करता है वो किसी भी प्रकार के संकट का डटकर सामना कर सकता है। मौके पर कथा वाचक अमरमणि त्रिपाठी (मथुरा), अरविंद तिवारी, बालानन्द उपाध्याय, आयोजक ओमनारायण दुबे, अशोक दुबे, अनिल यादव, मुकुल दुबे, संतोष यादव, राजू दुबे सहित काफी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

# बड़ी सफलता : साइबर सेल ने छह पीड़ितों के खाते में वापस कराई राशि

- छह लोगों के खाते से गायब हुए थे छह लाख 52 हजार 500 रुपए
- राशि वापसी होने के बाद लोगों ने साइबर सेल को दिया धन्यवाद

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




जिले की साइबर सेल द्वारा मंगलवार को साइबर अपराध के पीड़ितों का कुल छह लाख 52 हजार 500 रुपए वापस कराने में बड़ी सफलता प्राप्त की। एसपी ओमवीर सिंह के निर्देश के तहत जिले में साइबर अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही की गई। जिसमें आवेदकों के खातों से हुए अवैध ट्रांजेक्शन की शिकायत पर प्रभारी साइबर सेल उ.नि. वैभव मिश्रा अपने टीम के साथ प्रकरण का अध्ययन कर अवैध ट्रांजेक्शन जिन पेमेंट गेटवे के माध्यम से हुए थे, संबंधित कम्पनी व मर्चेंट्स को त्वरित रूप से मेल एवं कॉल कर सम्पर्क किया। जिसके बाद अवैध ट्रांजेक्शन रोकने एवं ट्रांजेक्शन की जानकारी प्रदान करने संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कर आवश्यक कार्यवाही की गयी। मामले में प्राप्त हुए छह ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदनों के आधार पर कुल छह लाख 52 हजार 500 रुपये को खातें में वापस कराया गया। अपनी मेहनत की कमाई प्राप्त होने पर आवेदकों ने साइबर कार्यालय उपस्थित होकर समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।

**इन लोगों ने दिए थे अवेदन :** शिकायत करने वाले पीड़ित प्रणव विक्रम सिंह निवासी रेवतीपुर 20 हजार रुपए, रामचन्द्र प्रसाद निवासी थाना कोतवाली 20 हजार रुपए, सुशील कुमार निवासी थाना नंन्दगंज 49 हजार 500 रुपए, मोहम्मद नसीम थाना खानपुर 20 हजार रुपए, दयाशंकर थाना नंन्दगंज 40 हजार रुपए और मनोज थाना करण्डा का 5 लाख 3 हजार रुपए साइबर सेल ने वापस दिलाया। उ.नि. वैभव मिश्रा ने बताया कि साइबर ठगों द्वारा लोगों को फोन और ईमेल करके किसी को लाटरी लगने का मैसेज, किसी को फोन करके उसका बैंक अकाउण्ट हैक होने व कार्ड बंद होने का डर दिखाकर जानकारी कर लेतें हैं और किसी को एनीडेस्क एप डाउनलोड करवाकर ठगी का शिकार बना लेतें हैं। पीड़ितों की धनराशि वापस कराने वाली टीम में उ.नि. वैभव मिश्रा प्रभारी साइबर सेल, कॉ. मुकेश कुमार साइबर सेल, कॉ. राजकुमार साइबर सेल, कॉ. विकास श्रीवास्तव साइबर सेल, कॉ. शिव प्रकाश यादव साइबर सेल और महिला कांस्टेबल प्रतिभा शुक्ला शामिल रही।